दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित !

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा बुधवार 12 फरवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 526



## संक्षिप्त खबरें ।

### अब इंडिया गठबंधन का हिस्सा नही रहेगी आम आदमी पार्टी ? आप सांसद संजय सिंह ने दे दिया बड़ा बयान

**लोक तंत्र की आवाज़**





**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की हार से कांग्रेस–आप के संबंधों में खटास के बीच आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने सोमवार को कहा कि आप का शीर्ष नेतृत्व 'इंडिया' ब्लॉक में बने रहने के मुद्दे पर फैसला करेगा. राज्यसभा सांसद सिंह से जब पूछा गया कि क्या आपकी पार्टी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा बनी रहेगी, तो उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व इस पर फैसला करेगा. अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। बता दें दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप–कांग्रेस के बीच तालमेल नहीं बन पाने से बीजेपी को फायदा पहुंचने के दावों के बीच, सोमवार को 'इंडिया' गठबंधन के कई नेताओं ने एकता और सामंजस्य पर जोर दिया. वहीं कांग्रेस ने कहा कि 'आप' ने विधानसभा चुनावों में गठबंधन से इनकार कर दिया था, ऐसे में अब उसपर (कांग्रेस पर) आरोप लगाना गलत है. वहीं यह पूछे जाने पर कि क्या दिल्ली में आप की हार के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है, इसपर संजय सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी समीक्षा कर रही है।

**लोकतंत्र में जनता सर्वोच्च– संजय सिंह:** वहीं दिल्ली में मिली हार को लेकर संजय सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोच्च है. उन्होंने कहा कि लोगों के फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए. हम परिणामों की समीक्षा कर रहे हैं और यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे सुधारा जाएगा। दरअसल, दिल्ली में 10 साल से अधिक समय तक शासन करने वाली आम आदमी पार्टी को विधानसभा चुनाव 2025 में हार का सामना करना पड़ा. यहां तक कि पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल भी नई दिल्ली सीट पर बीजेपी के प्रवेश वर्मा से हार गए। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने 70 में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की, यानी दिल्ली की लगभग दो–तिहाई सीटें जीत लीं. वह पिछले 27 साल से दिल्ली की सत्ता से बाहर थी. वहीं, आप सिर्फ 22 सीटों पर जीत हासिल कर पाई।

### अमेरिका के छह सांसदों ने अदाणी के खिलाफ अभियोग को लेकर नए अटॉर्नी जनरल को पत्र लिखा

**लोक तंत्र की आवाज़**




**वाशिंगटन।** अमेरिका के छह सांसदों ने नवनियुक्त अटॉर्नी जनरल को अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) द्वारा लिए गए ''संदिग्ध'' फैसलों के खिलाफ पत्र लिखा है. इनमें कथित रिश्वत घोटाले में उद्योगपति गौतम अदाणी के समूह के खिलाफ अभियोग का मामला भी शामिल है. सांसदों ने पत्र में आशंका जताई कि इससे ''करीबी सहयोगी भारत के साथ संबंध खतरे में पड़ सकता है।

लांस गुडेन, पैट फॉलन, माइक हरिडोपोलोस, ब्रैंडन गिल, विलियम आर. टिम्मोंस और ब्रायन बेबिन ने 10 फरवरी को अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पामेला बेदी को पत्र लिखकर ''जो बाइडन के प्रशासन के तहत डीओजे द्वारा लिए गए कुछ संदिग्ध निर्णयों की ओर ध्यान आकर्षित किया''. उद्योगपति गौतम अदाणी पर अमेरिकी अभियोजकों ने भारत में सौर बिजली के ठेके हासिल करने के लिए अनुकूल शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने का आरोप लगाया है।

अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि यह बात अमेरिकी बैंकों और निवेशकों से छिपाई गई, जिनसे अदाणी समूह ने परियोजना के लिए अरबों डॉलर जुटाए थें. अमेरिकी कानून विदेशी भ्रष्टाचार के आरोपों पर कार्रवाई करने की अनुमति देता है, बशर्ते कि उनमें अमेरिकी निवेशकों या बाजारों से जुड़े कुछ संबंध शामिल हों. अदाणी समूह ने हालांकि इन आरोपों से इनकार किया है।

# दिल्ली चुनाव का संदेश साफ, अपनों के शिकार में लगी बीजेपी-कांग्रेस

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से कई बातों का खुलासा हुआ है. अव्वल यह कि एकजुट हुए बिना विपक्ष का भाजपा से मुकाबला आसान नहीं है. दूसरा कि विपक्ष लाख कोशिश करे, उसका एकजुट होना या बने रहना असंभव है. सबसे बड़ा संदेश यह है कि जिस तरह भाजपा क्षेत्रीय पार्टियों का अस्तित्व मिटाने पर आमादा है, अब कांग्रेस भी उसी राह पर चल पड़ी है. लोकसभा चुनाव में भाजपा और उसके सबसे बड़े नेता नरेंद्र मोदी के खिलाफ विपक्षी दलों ने एकजुट होकर मुकाबले की रणनीति पर तो काम किया, पर उसके बाद एकता की धज्जियां भी विपक्ष ने उड़ा दीं. हरियाणा और दिल्ली विधानसभा चुनाव में विपक्ष की फूट साफ– साफ दिखी. आश्चर्य यह कि विपक्षी गठबंधन इंडिया का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस ने ही विपक्षी एकता तोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. आम आदमी पार्टी को भाजपा की तरह अपना विरोधी मान कर कांग्रेस ने हरियाणा में अपना बेड़ा गर्क किया तो दिल्ली में आप की खाट खड़ी कर दी. अब बिहार में भी कांग्रेस इसी अंदाज में चलने के इशारे कर रही है. पश्चिम बंगाल में टीएमसी से कांग्रेस का टकराव लोकसभा चुनाव से ही बना हुआ है. यानी देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने राज्यों में क्षेत्रीय दलों को खत्म करने का बीड़ा उठाया है तो सबसे बड़ी और गौरवशाली अतीत वाली पार्टी कांग्रेस भी उसी राह पर चलती दिख रही है।

**बिहार में जेडीयू ही रहा है बड़ा भाईः** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कई बार यह बात कह चुके हैं कि क्षेत्रीय पार्टियों के दिन लद गए. ऐसा कहने का उनका आशय बिहार में भाजपा की सहयोगी बड़ी पार्टी जेडीयू से रहा है. इसी बात से खफा होकर जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने 2022 में भाजपा का साथ छोड़ दिया था. उन्होंने न सिर्फ साथ छोड़ा, बल्कि भाजपा को सबक सिखाने के लिए विपक्षी दलों का गठबंधन भी बनाया. यह अलग बात है कि विपक्षी गठबंधन का सूत्रधार होने के बावजूद उन्हें उसका लाभ नहीं मिला और लोकसभा चुनाव से छह महीने पहले ही भाजपा के शरण में जाना पड़ा. भाजपा ने भी बिहार में तीसरे नंबर की पार्टी बन चुकी जेडीयू को रणनीतिक ढंग से पूर्व की तरह जेडीयू की बड़े भाई की भूमिका बरकरार रखी. जेडीयू की बड़े भाई की भूमिका भी 2005 से बिहार में बरकरार है।

### बिहार में अब क्या होगा ? जानिए अंदर की बात



### विपक्ष में आरजेडी की है मोनोपोली

जेडीयू की तरह ही लालू यादव और तेजस्वी यादव की राजद की मोनोपोली रही है. आररजेडी भी महागठबंधन बना कर बिहार में स्वघोषित बड़ा भाई बना हुआ है .यानी महागठबंधन में उसकी मोनोपोली रही है. राष्ट्रीय स्तर की पार्टी कांग्रेस बिहार में आरजेडी की चेरी बनती रही है. कांग्रेस का हाल यह है कि लालू यादव के इशारे पर ही बिहार में उसके अध्यक्ष या चुनावों में उम्मीदवार तय होते रहे हैं. यह बात खुद लालू प्रसाद यादव कांग्रेस नेताओं के सामने कहते रहे हैं. कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह को लालू समर्थक माना जाता है. लालू कहते भी हैं कि उन्हें राज्यसभा भेजने का फैसला सोनिया गांधी ने उनके ही कहने पर किया. कांग्रेस अब अपनी इस परजीवी छवि से उबरना चाहती है. पखवाड़े भर के अंतराल पर राहुल गांधी ने दो बार बिहार के हाल में दौरे किए. दोनों ही बार उनके तेवर से लगा कि वे अब बिहार में कांग्रेस को आरजेडी का पिछलग्गू बना कर नहीं रखना चाहते. राहुल दलित और मुसलमानों के सहारे बिहार में कांग्रेस को धार देना चाहते हैं. उनके इरादे से यही लगता है कि कांग्रेस बिहार में हरियाणा और दिल्ली की तरह ही अकेले चलने का फैसला कर चुकी है।

# एआई हमारी जिंदगी बदल रहा है, पेरिस समिट में पीएम मोदी ने 'इंडिया एआई मिशन' को लेकर कही बड़ी बात

**लोक तंत्र की आवाज़**


**नई दिल्ली।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित होने वाले एआई एक्शन समिट 2025 में पीएम मोदी ने एआई के हमारे जीवन में होने वाले पॉजीटिव बदलावों को लेकर बात की है। फ्रांस और अमेरिकी दौरे पर गए प्रधानमंत्री ने आज यानी 11 फरवरी को पेरिस में आयोजित एआई एक्शन समिट में भाग लिया। पीएम मोदी के साथ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो भी इस समिट में मौजूद रहे। इस एआई समिट में पीएम मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हमारे जीवन में पड़ने वाले प्रभावों को लेकर बात की है।

**पीएम मोदी ने समझाया एआई का महत्वः** एआई एक्शन समिट में भारत समेत दुनिया के 100 देश भाग ले रहे हैं। इस समिट की अध्यक्षता फ्रांस के राष्ट्रपति कर रहे हैं। पीएम मोदी ने एआई समिट में कहा, ₹मैं एक सरल उदाहरण से इसकी शुरुआत करता हूं। यदि आप अपनी मेडिकल रिपोर्ट एआई एप्लिकेशन पर अपलोड करते हैं, तो यह आपको बिना किसी गलती के आपकी बीमारी के बारे में सब कुछ समझा सकता है। लेकिन यदि आप उसी ऐप से बाएं हाथ से लिखने वाले किसी व्यक्ति की छवि बनाने के लिए कहते हैं, तो ऐप संभवतः दाहिने हाथ से लिखने वाले किसी व्यक्ति की छवि बनाएगा।

इसके बाद पीएम मोदी ने आगे समझाते हुए कहा कि एआई कैसे हमारी जिंदगी बदल रहा है। उन्होंने आगे कहा, ₹ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ट्रेनिंग डेटा इसे प्रभावित कर रहा है। यह दर्शाता है कि एआई के सकारात्मक पहलू के साथ–साथ इसके कई और पहलूओं पर हमें ध्यान देना होगा।₹ इसके बाद पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो को इस इवेंट का को–चेयर बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

**एआई को लोग तेजी से अपना रहे हैं :** प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि एआई हमारे राजनीति, आर्थिक, सुरक्षा और हमारे समाज को बदल रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है लेकिन यह मानव समाज के इतिहास में आए किसी भी अन्य टेक्नोलॉजी से बिलकुल अलग है। एआई ने असाधारण गति से अपने इन बदलावों को दर्शाना शुरू कर दिया है। इसे लोग उम्मीद से ज्यादा तेजी से अपना भी रहे हैं।

एआई का इस्तेमाल देश की सीमाओं के बाहर भी किया जाता है। इसके लिए सभी को एक साथ मिलकर इसके लिए नीति निर्धारित करना होगा ताकि लोगों के बीच एआई को लेकर भरोसा स्थापित हो सके। पीएम मोदी ने इसके बाद भारत के इंडिया एआई मिशन का जिक्रकरते हुए कहा कि इस समय भारत एआई को अपनाने में दुनिया के कई देशों का नेतृत्व कर रहा है।




### इंडिया एआई मिशन को लेकर कही बड़ी बात

पीएम मोदी ने भारत में एआई के सकारात्मक इस्तेमाल का जिक्रकरते हुए कहा कि भारत में एआई ऐप को जनता की सेवा करने के लिए डेवलप कर रहे हैं। भारत में एआई के डेटा प्राइवेसी को लेकर भी कई कदम उठाए गए हैं। हमारे पास दुनिया का सबसे बड़ा एआई टैलेंट है। भारत खुद का लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) तैयार कर रहा है। हमारे पास एक यूनीक पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल है, जो संसाधनों को अफोर्डेबल कॉस्ट पर पब्लिक के लिए उपलब्ध कराता है। भारत दुनिया को यह बताना चाहता है कि एआई का भविष्य अच्छा है और सभी के लिए है।

# मोदी सरकार के समर्थन में शशि थरूर का बड़ा बयान, अब क्या करेगा कांग्रेस हाईकमान



**लोक तंत्र कीआवाज**

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने पाकिस्तान के साथ बातचीत को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अब पाकिस्तान के साथ बिना किसी बाधा के वार्ता संभव नहीं है। 26/11 के मुंबई हमले जैसी त्रासदियों को भुलाया नहीं जा सकता, और यह जताना कि जैसे कुछ हुआ ही नहीं, असंभव है। उन्होंने मोदी सरकार के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें कहा गया था कि अब पाकिस्तान से साधारण तरीके से बातचीत नहीं हो सकती।

शशि थरूर का यह रुख कांग्रेस की पारंपरिक नीति से मेल नहीं खाता। अब सवाल उठता है कि क्या कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व उनके इस बयान को स्वीकार करेगा ? क्योंकि कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, जैसे मणिशंकर अय्यर, कई बार पाकिस्तान से वार्ता जारी रखने की वकालत कर चुके हैं। लेकिन थरूर का बयान इससे उलट दिखता है। थरूर ने साफ तौर पर 26/11 हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया, जो कि सत्य भी है। यह हमला पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित था, जिसे आतंकी अजमल कसाब की गिरफ्तारी से साबित किया गया। लेकिन इसी कांग्रेस पार्टी के कुछ दिग्गज नेता इस हमले को 'हिंदू आतंकवाद' से जोड़ने में लगे हुए थे। दिग्विजय सिंह ने तो 26/11 फ्रर की साजिश नामक किताब के विमोचन में भी शिरकत की थी। अगर अजमल कसाब को जिंदा न पकड़ा जाता, तो क्या कांग्रेस नेताओं का प्रोपेगेंडा सफल हो जाता ? क्या देशवासी इस आतंकी हमले को 'हिंदू आतंकवाद' मान लेते ? यह सवाल आज भी खड़ा है, क्योंकि कांग्रेस ने इस झूठी बयानबाजी के लिए कभी माफी नहीं मांगी।

# सोने की जंजीर ले जाइएगा, अखिलेश ने संसद में पीएम मोदी के अमेरिका दौरे पर किया कटाक्ष

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 8वें दिन की कार्यवाही चल रही है. बजट सत्र के दौरान सपा सांसद अखिलेश यादव ने अमेरिका से डिपोर्ट किए गए अवैध प्रवासियों का मुद्दा उठाया. अखिलेश ने पीएम मोदी के अमेरिका दौरे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछली बार आप हीरा लेकर गए थे, इस बार सोने की जंजीर लेकर जाना चाहिए. अखिलेश के इस बयान पर संसद में विरोध भी देखने को मिला।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा में बजट का विरोध किया. उन्होंने कहा कि ये बजट टारगेटेड बजट है. ये बजट फोकस्ड है. उन लोगों के लिए जो बहुत संभल है. बड़े लोग हैं. उद्योगपति हैं. उनके लिए ये बजट बना हुआ है. जो बात कही जा रही है कि बजट भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए है, मुझे इसमें कोई रोडमैप नहीं दिखाई देता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि ये बजट 4 इंजन का बजट है, उन्होंने कहा कि लगता है कि लगातार सारे इंजन फेल हो रहे हैं. यूपी की डबल इंजन की सरकार में तो इंजन फेल हो रहे हैं।

**पीएम मोदी के दौरे पर अखिलेश ने कसा तंजः** अखिलेश ने कहा कि जैसे ही बजट आया, हम लोगों ने वो तस्वीरें देखीं, जिनमें दिख रहा है कि हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां. 10 बजट इसके लिए ही बनाए गए थे, जब 11वां आएगा तो पूरा देश और दुनिया ये देखेगी हथकड़ी और बेड़ियां लगाकर भारत लौटाए गए। पीएम मोदी के दौरे पर तंज कसते हुए कहा कि हो सके तो कुछ बच्चे और महिलाओं को अपने साथ तो नहीं किसी और के साथ जहाज में लेते आइएगा. इतना हक तो उनका बनता है. कुछ लोग तो बाइज्जत लौट सकें।



### महाकुंभ को लेकर क्या बोलीं डिंपल यादव ?

समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने महाकुंभ को लेकर यूपी सरकार पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि सरकार ने महाकुंभ के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किए. वहां जो लोगों को दिक्कत हो रही है, इसके लिए उन्हें जवाब देना चाहिए. यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि 300 किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम हो गया और लोग कई दिनों से फंसे हुए हैं।

### महाकुंभ में लगे जाम को लेकर बोले अखिलेश

अखिलेश यादव ने संसद में महाकुंभ में लगे जाम को लेकर सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि दो राज्यों के मुख्यमंत्री भीड़ रोकने में लगे हुए थे. महाकुंभ की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी हैं. यहां केवल विज्ञापन दिखाया गया, इसके अलावा कुछ नहीं हुआ. श्रद्धालु घंटों जाम में फंसे रहे, भूख और प्यास ने सबको परेशान कर दिया. लोगों के दुखतकलीफ के कारण इन्हें संगठन के लोगों से मदद की अपील करनी पड़ी. फिर भी सरकार कह रही थी सब ठीक चल रहा है। अखिलेश ने कहा कि चांद पर जाने का क्या फायदा जब जमीन की समस्याएं ना दिखतीं हों. डिजिटल इंडिया कहां हैं? उन्होंने कहा कि कितनी जानें गईं? कितने खो गए? विज्ञापन–काटूर्नों की बड़ी चर्चा हो रही थी. इस पर भी बातचीत होनी चाहिए।

# दिल्ली में करारी हार के बाद कांग्रेस को मिला कपिल सिब्बल का साथ, इंडी गठबंधन के नेताओं को खूब सुनाया

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार के बाद विपक्षी 'इंडी' गठबंधन के नेता कांग्रेस को कोसने में लगे हैं। उद्धव गुट के नेता संजय राउत से लेकर उमर अब्दुल्ला तक हर कोई कांग्रेस को भाजपा की जीत के लिए जिम्मेदार ठहरा रहा है।

इसी के साथ शरद पवार की पार्टी और कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने भी खुद पार्टी पर सवाल उठाए हैं। तारिक ने कहा कि कांग्रेस को गठबंधन करना है या नहीं, वो उसे साफ करे। हालांकि, अब कांग्रेस समर्थक माने जाने वाले कपिल सिब्बल ने पार्टी का बचाव करते हुए निशाना साधा है।

**कांग्रेस ने हमेशा गठबंधन धर्म निभायाः सिब्बलः** हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में इंडी गठबंधन की प्रमुख पार्टियों को मिली बड़ी हार के बाद, वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि कांग्रेस हमेशा साथ मिलकर काम करने और सहमति से आगे बढ़ने की कोशिश करती है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कभी–कभी गठबंधन को कांग्रेस के कारण नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में भी गठबंधन को समस्याओं का सामना करना पड़ा था, जहां कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन ने 'महागठबंधन' को बहुमत तक पहुंचने से रोक दिया था। सिब्बल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी हमेशा साथ मिलकर काम करने और सहमति से आगे बढ़ने की कोशिश करती है। यह सच है कि कई बार दिक्कतें भी आती हैं, लेकिन सभी पार्टियों को यह तय करना होगा कि चुनाव कैसे लड़ना है।



# संभावित आतंकी घटना के लिए तैयार रहें लोग, सिंगापुर देश के गृह मंत्री ने जारी की चेतावनी

**लोक तंत्र की आवाज**

**सिंगापुर।** सिंगापुर में जनता को संभावित आतंकवादी घटना के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार रहने का अलर्ट जारी किया गया है। ये चेतावनी सिंगापुर के कानून और गृह मामलों के मंत्री के. षणमुगम ने खुद जारी की है। सिंगापुर के मंत्री ने जानकारी दी है कि अधिकारियों ने देश में और कट्टरपंथी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि हाल ही में सिंगापुर में एक नाबालिग, एक गृहिणी और एक सफाईकर्मी पर चरमपंथी साजिशों के लिए कार्रवाई की गई है।



**चरमपंथी साजिशों के लिए पकड़े गए 3 लोग :** सिंगापुर के कानून एवं गृह मामलों के मंत्री के.षणमुगम ने मंगलवार को लोगों को संभावित आंतकी हमले की चेतावनी दी है। केन्द्रीय व्यापारिक जिले में फोर्ट कैनिंग के निकट स्थित श्री तेंडायुथपानी मंदिर में मीडिया से बात करते हुए मंत्री षणमुगम ने हाल ही में चरमपंथी साजिशों के लिए पकड़े गए एक नाबालिग, एक गृहिणी और एक सफाईकर्मी से जुड़े मामलों का जिक्र किया और लोगों को चेतावनी दी है। इनके खिलाफ आंतरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

**क्या बोले गृह मंत्री ?:** एक स्थानीय अखबार के मुताबिक, मंत्री के.षणमुगम ने आतंकी घाटना के बारे में चेतावनी जारी करते हुए मीडिया से कहा– ₹यह तीसरा युवक है जिसके खिलाफ हमने अब दक्षिणपंथी चरमपंथी विचारधारा को लेकर आदेश जारी किए हैं। वह नस्लीय सामग्री से प्रभावित था और खुद दक्षिणपंथी श्रेष्ठता की अवधारणा से ग्रसित है।

### नस्ली युद्ध शुरूकरना चाहता था छात्र

वह एक छात्र का जिक्रकर रहे थे, जिसे हिरासत में लिये जाने की घोषणा सोमवार को गृह मंत्रालय ने की थी। छात्र (18) ने एक ऑनलाइन गेम में आतंकवादी की भूमिका निभाई थी, और वह चीनी और मलय लोगों के बीच नस्ली युद्ध शुरू करना चाहता था।

# रूस और यूक्रेन युद्ध रोकने की तैयारी हुई शुरू म्यूनिख में जेलेंस्की से मिलेंगे ट्रंप के प्रतिनिधि

**लोक तंत्र की आवाज़**

**कीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने चुनाव अभियान के दौरान ही रूस–यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने की बात कही थी। अब राष्ट्रपति पद संभालते ही ट्रंप ने इसकी कोशिश शुरू कर दी है। इन्हीं कोशिश के तहत डोनाल्ड ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस हफ्ते यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से म्यूनिख में मुलाकात कर सकते हैं। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में रूस–यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने को लेकर चर्चा हो सकती है। इसी सम्मेलन से इतर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल यूक्रेनी राष्ट्रपति से मिलेगा।

**म्यूनिख की बैठक होगी बेहद अहमः** अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रूबियो और डोनाल्ड ट्रंप के विशेष प्रतिनिधि रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल कीथ केलोग शामिल हैं। कीथ केलोग ने कहा कि बेहतर होगा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति उन तीनों से साथ मिलें। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप भी जेलेंस्की से बात कर सकते हैं। इस बैठक में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल, जेलेंस्की से युद्ध खत्म करने के विकल्पों पर चर्चा कर सकता है।



**ट्रंप ने यूक्रेन को दिया है ये ऑफरः** उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप कह चुके हैं कि अमेरिका के करदाताओं के अरबों डॉलर यूक्रेन को आर्थिक मदद देने में खर्च हुए हैं, जबकि यूरोप इसके लिए कुछ खास प्रयास नहीं कर रहा है। ट्रंप ने ये भी कहा कि अमेरिका ने जो यूक्रेन की आर्थिक मदद की उसके बदले में यूरोपीय देशों को अमेरिका को भुगतान करना चाहिए। ट्रंप ने ये भी कहा है कि उनका प्रशासन, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के संपर्क में भी है। हालांकि उन्होंने इस बारे में ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### शिक्षक घर जाकर बच्चों को स्कूल आने के लिए कर रहे हैं प्रेरित



लोक तंत्र कीआवाज
नरहट (नवादा)। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शिक्षकों द्वारा एक अच्छी पहल की जा रही है। घर घर जाकर बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षकों द्वारा लगातार प्रयास जारी है। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय दाई बिगहा नरहट नवादा के शिक्षकों द्वारा अपने विद्यालय के पोषण एरिया में घर घर जाकर बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय दाई बिगहा के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व में विद्यालय के स्नातक शिक्षक पंकज कुमार प्लस टू के शिक्षक चंदन कुमार, अब्दुल कादिर, और मनीष कुमार ने बारा खुर्द गांव जाकर जो बच्चे विद्यालय नहीं आ रहे थे, उसे नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित गया। उनके अभिभावकों से मिलकर बच्चों को प्रति दिन स्कूल भेजने के लिए कहा गया। इसके अलावा दाई बिगहा, बभनौर आदि गांवों में जाकर विद्यालय में नामांकित बच्चे को विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने का काम किया गया और विद्यालय से होने वाले लाभ के बारे बताया गया। पढ़ने लिखने से क्या फायदा होगा इसके बारे में सभी अभिभावकों को बताया गया, उम्मीद है कि शिक्षकों की इस पहल से निश्चित तौर पर विद्यालय में बच्चों की संख्या बढ़ेगी।

### बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज, 6,7051 रुपए का जुर्माना

लोकतंत्र की आवाज
वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)। वारिसलीगंज बिजली विभाग की टीम द्वारा की गई छापेमारी में चोरी से बिजली की खपत करते एक व्यक्ति को चिह्नित किया गया। बाद में विभाग के सहायक विद्युत अभियंता राजीव रंजन के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर चिह्निच व्यक्ति के विरुद्ध 67051/- रुपए का जुर्माना किया गया है।

# जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में लगा विज्ञान प्रदर्शनी सह आनंद मेला ,बच्चों ने लगाए एक से बढ़कर एक स्टॉल





**लोक तंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार**
**नवादा ।** हिसुआ नगर के राजगीर रोड स्थित जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में मंगलवार को बाल मेला सह विज्ञान पप्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरपी साहु की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने विज्ञान प्रगति और लजीज व्यंजनों में अपनी -अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाल मेले में विज्ञान प्रदर्शनी, व्यंजन मेला व सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रबंध निदेशक आर पी गुप्ता एवं निदेशक रश्मि गुप्ता ने स्थानीय प्रशासन और पत्रकारों को शॉल और बुके देकर सम्मानित किए। अथितियों ने सभी स्टॉलों पर घूम-घूमकर बच्चों द्वारा तैयार प्रोजेक्ट और व्यंजनों की लगी स्टॉल को देखें और बच्चों द्वारा लगी स्टॉल पर पैसे से खरीदकर उनके प्रयास का सराहना किया। कार्यक्रम में हिसुआ थाना के एसआई धनवीर कुमार एवं एएसआई राय जी तथा आईरा पत्रकार संगठन के प्रदेश सचिव सुनील कुमार ,पत्रकार जितेंद्र कुमार , ओंकार शर्मा,राजेश कुमार ,उदय सिन्हा ,आलोक वर्मा ने स्टॉल लगाकर स्वादिष्ट व्यंजन बनाने वाले बच्चों की जमकर तारीफ की।

विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, अक्षय ऊर्जा, रोबोटिक्स, जल संरक्षण समेत विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए, जिससे दर्शकों और विशेषज्ञों का आकर्षण बढ़ा। बाल मेले में विभिन्न खेल, कला एवं हस्तशिल्प प्रदर्शन के साथ-साथ स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए। विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने व्यंजन मेला भी लगाया। जिसमें कक्षा 07 की रिम्मी कुमारी ,संजना कुमारी ,कृति कुमारी ,दर्शाना कुमारी समेत अन्य छात्रों ने दहीबड़ा ,चाट, पकौड़ी, फोकचा, रसगुल्ले ,आलुकच एग राल, बर्गर ,भेलपूरी ,केक ,बिरियानी ,छोला चाट ,चाय सहित कई स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल सजे थे। जिसमें स्कूली बच्चों व उनके अभिभावकों ने बाल मेले में जमकर लुत्फ उठाया।

प्रधानाचार्य अनुराधा विश्वकर्मा ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में न केवल वैज्ञानिक सोच विकसित होती है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और नवाचार की भावना भी प्रबल होती है। सभी प्रमुख अतिथियों एवं शिक्षकों ने कार्यक्रम की सफलता की सराहना की और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन न केवल बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक रहा, बल्कि स्थानीय समुदाय में शिक्षा एवं नवाचार की भावना को भी प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के शिक्षक राम नारायण पाण्डेय ,राकेश कुमार ,अमित मिश्रा ,संजीत कुनार ,गौतम कुमार ,सोनू वर्मा ,सतेंद्र कुमार ,समीर कुमार आदि शिक्षकों ने महत्पूर्ण योगदान दिए।

## नवादा विधायक विभा देवी ने मुख्यमंत्री को जिले के विकास संबंधी सौंपा मांग पत्र

**लोक तंत्र की आवाज**



**सुनील कुमार**
**नवादा।** सोमवार को नवादा में मुख्यमंत्री नितीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान नवादा विधायक विभा देवी ने जिले के चहुमुखी विकास से संबंधित एक माँग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपकर उसपर संवेदना पूर्वक विचार करने का आग्रह किया है । खासकर नवादा में केंद्रीय विद्यालय और मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए विधायक ने महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि दोनों शिक्षण संस्थानों के लिए जितनी जमीन की आवश्यकता होगी आम लोगों से चन्दा करके भी सरकार को सुपुर्द करने के लिए तैयार हूँ । चार पेज के मांग पत्र में कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई है जिसमें बढ़ती बेरोजगारी , जनवितरण , पोषाहार , मध्यान्ह भोजन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया गया है । नवादा में बढ़ते साइबर क्राइम का मुख्य कारण बेरोजगारी और संबंधित अधिकारियों के भ्रष्ट रवैये को बताया गया है ।

उन्होंने अवैध बालू के धंधे और उससे करोड़ों के राजस्व की क्षति पर भी मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया है । जिले में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को लेकर आम लोगों की चिंता से भी अवगत कराते हुए कहा गया है कि तत्कालीन सांसद संजय पासवान , भोला सिंह , गिरिराज सिंह और चन्दन सिंह के कार्यकाल में यह संभव नहीं हो पाया जबकि नवादा वासियों की यह बहुप्रतिक्षित मांग है । अब यहां के लोग वर्तमान सांसद विवेक ठाकुर से उम्मीद लगाये बैठे हैं । इसी प्रकार नवादा को विकसित जिला बनाने के लिए मेडिकल कॉलेज की भी मांग की गई है और दोनों संस्थानों के लिए जमीन उपलब्ध कराने की जिम्मेवार स्वयं पर ले लिया है । मांग पत्र में नवादा के लिए रिंग रोड की मांग करते हुए प्रस्तावित बाईपास के विस्तारीकरण पर जोर दिया गया है और नहर पर शिलान्यास किये गए बाईपास को राजगीर बोधगया में मिलाने की बात कही गई है, ताकि बोध गया राजगीर के पर्यटक लछुआड़ तक आसानी से जा सके ।

विभा देवी ने अपने पत्र में हरिश्चंद्र स्टेडियम के उत्तर जलजमाव वाली जमीन को भव्य पार्क के रूप में विकसित करने का आग्रह किया है जिसकी अनुशंसा तत्कालीन जिलाधिकारी आशुतोष वर्मा ने भी की थी । ।इसके अलावे 12 गांव के हजारों हेक्टेयर भूमि पूर्व की तरह सिंचित भी हो सकती है । विधायक विभा देवी ने बताया कि यह मांग पत्र जिले भर के कार्यकर्ताओं समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों से मन्त्रणा के बाद तैयार किया गया है, जिसे मैंने मुख्यमंत्री को सौंप दिया है और इसपर संवेदना पूर्वक विचार करने का आग्रह किया है ।

# पकरीबरावां प्रखंड के लखपति चौहान बनें बुधौली पंचायत के कार्यकारी उप मुखिया

**लोकतंत्र की आवाज**



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड के बुधौली पंचायत के कार्यकारी उप मुखिया के लिए मंगलवार को वोटिंग हुई। प्रशासनिक सुरक्षा के बीच मतदान की प्रक्रिया पूरी हुई। प्रखंड कार्यालय परिसर में कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार की देखरेख में कार्यकारी उप मुखिया के चुनाव की प्रकिया पूरी की गई।

कार्यकारी उप मुखिया के लिए मैदान में कूदे दो उम्मीदवारों में से लखपति चौहान 3 मतों से जीत हासिल करते हुए कार्यकारी उप मुखिया निर्वाचित हुए। उन्हें 7 वार्ड सदस्यों ने अपना समर्थन दिया। दूसरे उम्मीदवार महेंद्र यादव को 4 वार्ड सदस्यों का समर्थन प्राप्त हुआ। बीडीओ ने नव निर्वाचित कार्यकारी उप मुखिया लखपतिचौहान को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र दिया।बता दें कि बुधौली पंचायत में बीते कई माह से मुखिया एवं उप मुखिया नहीं होने से पंचायत में विकास कार्यों पर पूरी तरह ब्रेक लग गया थामुखिया पप्पू मांझी की हत्या हो जाने से यह पद रिक्त हो गया था जबकि मुखिया हत्याकांड मामले में उप मुखिया अनुज पांडेय जेल में है। ऐसे में पंचायत में मुखिया एवं उप मुखिया का पद रिक्त था। लोगों द्वारा तत्काल उप मुखिया का पुनः चुनाव कराकर उसे पंचायत के मुखिया का प्रभार देने की मांग उठाई जा रही थी ताकि पंचायत में विकास का कार्य सुचारू रूप से शुरू हो। मंगलवार को नियमानुसार कार्यकारी उप मुखिया का निर्वाचन हुआ।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि कार्यकारी उप मुखिया पंचायत के मुखिया के प्रभार में भी रहेंगे।

# मध्य विद्यालय में प्रखंड स्तरीय संकुलों के टीएलएम मेला 2.0 का हुआ आयोजन

**लोक तंत्र कीआवाज**



● कमीटी के सहयोग से प्रथम एवं द्वितीय टीएलएम का हुआ चयन

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय में मंगलवार को बीईओ दिगम्बर ठाकुर एवं बीपीएम के नेतृत्व में प्रखंड के सभी 14 संकुलों के बीच टीएलएम मेला 2.0 का आयोजन किया गया। इस दौरान बीआरपी केपी शर्मा,अवधेश कुमार व सिमरन कुमारी के अलावे मध्य विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ममता रानी भी मौजूद रहीं। बीईओ ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में टीएलएम एक आम तौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला संक्षिप्त नाम है,जिसका मतलब ₹शिक्षण-अधिगम सामग्री₹ है।

मोटे तौर पर,यह शब्द शैक्षिक सामग्रियों के एक स्पेक्ट्रम को संदर्भित करता है,जिसका उपयोग शिक्षक कक्षा में विशिष्ट शिक्षण उद्देश्यों का समर्थन करने के लिए करते हैं,जैसा कि पाठ योजनाओं में निर्धारित होता है। टीएलएम बच्चों के लिए अधिगम को वास्तविक,व्यावहारिक और मजेदार बनाने के लिए है। साथ ही कहा कि शिक्षक एक कौशल, तथ्य या विचार को चित्रित या सुदृढ़ करने के लिए टीएलएम का उपयोग करते हैं। टीएलएम शिक्षण में नवीनता और ताजगी लाने में भी मदद करते हैं क्योंकि यह अधिगमकर्ता को चिंता, भय और ऊब से छुटकारा दिलाता है। बीईओ ने बताया कि प्रखंड के सभी संकुलों द्वारा टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान दो टीएलएम का चयन किया,जिसमें प्रथम स्थान पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय की शिक्षिका बबिता कुमारी एवं द्वितीय स्थान पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक जितेंद्र कुमार का चयन किया गया। बीईओ ने बताया कि जिला मुख्यालय में टीएलएम को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन होना है,जिसमें जिले के सभी प्रखंडों से चयनित प्रथम एवं द्वितीय स्थान के चयनित टीएलएम भाग लेंगे। इस मौके पर शिक्षकगणों में रंजीत कुमार,प्रिंस राज,पवन कुमार,चुन्नू कुमार,मो. अब्दुल्ला समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के घोषणा के बाद हरकत में आया विभाग, धनार्जय नदी पर पुल निर्माण को लेकर कार्यपालक अभियंता ने किया निरीक्षण

**लोक तंत्र कीआवाज**



**खुशी :** धनार्जय नदी पर राज शिवालय एवं डीह रजौली को जोड़ने वाले पुल के निर्माण को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के राज शिवालय मंदिर एवं डीह रजौली को जोड़ने वाली पुल का निर्माण लोगों के लिए सपना बन गया था। प्रगति यात्रा के दौरान सोमवार को रजौली आये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पुल निर्माण की घोषणा के बाद विभाग सक्रिय दिखाई दे रहा है। मंगलवार को ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार अपने टीम के साथ पहुंचकर पुल निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि धनार्जय नदी पर 100 मीटर लम्बा एवं 7.5 मीटर चौड़ा पुल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वरीय पदाधिकारी से मिले निर्देश के आलोक में स्थल का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के बाद एक रिपोर्ट तैयार कर विभाग को भेजा जाएगा, फिर टेंडर के बाद जल्द ही पुल निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।

**पुल निर्माण होने से ग्रामीणों में** डीह रजौली निवासी रितेश कुमार कौशल उर्फ टोनी सिंह,संदीप वर्मा,अरुण साव,अरुण मिस्त्री,नीरज कुमार,पवन पांडेय,मुकेश दास आदि लोगों ने बताया कि उक्त पुल बनने से नदी पार के डीह रजौली,सरमसपुर,धमनी,झिरझो, छतनी,डुमरकोल समेत 18 से 20 गांव के हजारों पुरुष-महिला एवं छात्र-छात्राओं को आवागमन में काफी सुविधा होगी। पुल नहीं रहने के कारण नदी पार के लोगों को बारिश मौसम में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुल निर्माण होने के बाद दूरस्थ गांवों की दूरी प्रखंड मुख्यालय से घट जाएगी। वहीं पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं नवादा सासंद विवेक ठाकुर को धन्यवाद कहा है।

## मारपीट की दो अलग अलग प्राथमिकी में 14 आरोपित

**लोकतंत्र की आवाज**
**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के धनबीघा गांव में रविवार को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना से संबंधित दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज करा 14 लोगों को आरोपी बनाया गया है। सत्येंद्र दास के आवेदन पर बेवजह गाली गलौज व मारपीट करने के मामले में गांव के ही विपिन कुमार, लानेन्द्र कुमार को आरोपित बनाया गया है। जबकि छज्जा निर्माण को लेकर हुए मारपीट मामले में बिपिन कुमार के आवेदन पर 12 लोगों को आरोपी बनाया गया है। प्राथमिकी में आरोपित महिला पुरुष में मनोज दास, अरुण दास, सत्यदेव दास, संगीता, श्रवण दास समेत 12 लोग शामिल हैं।

# सवर्ण समाज की दशा-दिशा पर विचार

## सवर्ण समुदाय को जागरूक रहने की आवश्यकता : डॉ अनुज

**लोक तंत्र कीआवाज**



**आर्यन मोहन**
**नवादा।** जिले की कुंती नगर स्थित मॉडर्न स्कूल के खेल परिसर में सोमवार को सवर्ण समाज की दशा व दिशा पर एक दिवसीय विचार गोष्ठी सह चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिले के जाने-माने शिक्षाविद, समाजसेवी डॉ अनुज सिंह के नेतृत्व में किया गया।इस एक दिवसीय चिंतन शिविर में नवादा प्रखंड, नगर परिषद नवादा एवं नारदीगंज प्रखंड सहित जिला भर के हजारों की संख्या में सवर्ण समाज के बुजुर्गों ,महिलाओं एवं युवाओं ने परिचर्चा में भाग लिया । कार्यक्रम की शुरुआत समाजसेवी डॉ अनुज सिंह, श्रीकांत सिंह,मुनेश्वर प्रसाद सिंह,जगदीश सिंह, महेंद्र प्रसाद, अनुज प्रसाद सिंह ,गौरीशंकर सिंह, रविंद्र सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन उपरांत बिहार केसरी डॉ श्री कृष्ण सिंह के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह ने कहा कि किसी भी समाज की दशा और दिशा उसकी उचित शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर करती है।

शिक्षा के द्वारा ही हम अपने समाज को सुदृढ़ बना सकते हैं ,इसलिए सभी सवर्ण समाज के बुद्धिजीवियों से अपील है कि आप अपने भावी पीढ़ी को शत प्रतिशत शिक्षित करें। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज नवादा धीरे-धीरे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है पर अभी भी कृषि, रोजगार ,स्वास्थ्य के मामले में बहुत पीछे है । आज भी ग्रामीण स्तर पर इन सभी चीजों में कमी देखने को मिलता है।इस पर आज तक किसी जनप्रतिनिधि ने ज्यादा ध्यान भी नहीं दिया। केवल यहां हमारा मत लेने आते हैं उसके बाद एक बार भी समाज की व्यवस्था को मजबूत करने में सहयोग नहीं करते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जहां तक हो सकेगा हमारा सहयोग नवादा को शिक्षित बनाकर आगे ले जाने में रहेगा ।इन सब कर्मियों को दूर करने के लिए हम सभी नवादा वासियों को विचार करने की जरूरत है यह तभी संभव होगा ,जब हमारा समाज एक होकर सब की समानता की बात करेगा। मौके पर उपस्थित वक्ताओं में से नारदीगंज विद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्रीकांत सिंह ने कहा कि समाज एकता के साथ यदि एकजुट हो गया तो उसकी दशा एवं दिशा तय करने का काम करता है।

सवर्ण समाज हमेशा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाला समाज है।हालांकि ऐसी बात भी नहीं है कि सवर्ण समाज से कोई समाज सेवक नहीं हुए हैं। लेकिन वे सारे अपने समाज सहित दूसरे समाज को सुधारने में लगे रहे। जबकि सवर्ण समाज में सुधार की बेहद जरूरत है। उनकी बातों का समर्थन करते हुए कोसला पंचायत के पूर्व मुखिया रविंद्र सिंह ने सभी सवर्णों का आह्वाहन करते हुए कहा कि सवर्ण एकता के साथ सभी वर्गों को साथ लेकर चलें ताकि सामाजिक व राजनीतिक स्तर पर समाज को मजबूत किया जा सके । नारदीगंज के पूर्व प्रमुख गौरी शंकर सिंह ने कहा कि समाज से कुरीतियों को दूर करने के लिए हमे एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए।समाज एक आईना है जो व्यक्ति का निर्माण करने में अपनी महत्ती भूमिका निभाता है ।

मौके पर उपस्थित समाजसेवी अनिल सिंह ने कहा कि नवादा के इतिहास में आज पहली बार पूरे सवर्ण समाज को एकजुट करने का कार्य डॉ अनुज सिंह के द्वारा किया गया है । इस अवसर पर आंगनबाड़ी सेविका के जिला अध्यक्ष सोनसा के विजय कुमार सिंह ने कहा किआज तक नवादा विधानसभा में जो भी प्रतिनिधि आए केवल हमारे समाज को ठगने का काम किया है। किसी ने भी पूरे मन से ध्यान नहीं दिया अगर अनुज बाबू आगे आते हैं तो पूरे सवर्ण समाज को एकजुट होकर नवादा के विकास के लिए सोचना होगा।अंत में डॉ अनुज सिंह के द्वारा सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापन किया गया ।

मौके पर मनोज कुमार भारती आतौआ, चंदन कुमार गोनामा,विजय कुमार मंजौर ,दिनेश कुमार अकेला न्यू एरिया, संजीव कुमार काजीबीघा, प्रोफेसर बलराम सिंह पसई ,राकेश कुमार गौरव गोनी, रामचरित्र सिंह पचियाडीह, सुरेश प्रसाद सिंह विक्कू, युगल ल किशोर सिंह नथनपुरा, सुनील सिंह हंड़िया , महेंद्र प्रसाद सिंह न्यू एरिया, रामनरेश सिंह पैक्स अध्यक्ष गुरम्हा,गोरेलाल सिंह समाय, तपेश्वर सिंह , डॉक्टर संजय कुमार सुमन उर्फ साकेत बिहारी ,प्रो कृष्ण कुमार प्रभाकर, प्रवीण कुमार नारदीडीह, रामसागर सिंह मियां बिगहा सहित दर्जनों वक्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के संचालन में अनुज सिंह समर्थक सोनू कुमार, विकास कुमार ,राजेश कुमार, दिलीप कुमार, विपिन कुमार, अरुण कुमार, पारस कुमार, डॉ संजय कुमार, मनोज कुमार, विपुल कुमार, इस कुमार, अभय सिंह ,सुनील कुमार ,अनीता देवी सहित सभी कार्यकर्ताओं की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण रही।

## डंडई प्रखंड में विकास माली का भिक्षाटन अभियान, 351 कन्याओं के विवाह के लिए जुटा रहे सहयोग



**लोकतंत्र की आवाज़**
**गया ।** जिले के डंडई प्रखंड में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली और उनकी टीम ने भिक्षाटन अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में घूम-घूमकर 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए सहयोग जुटाया जा रहा है। साथ ही, लोगों को विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया गया है। विकास माली ने कहा कि यह अभियान समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा को मजबूत करने और गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग देने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई गरीब परिवार आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों की शादी नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए इस आयोजन के जरिए उन्हें सहायता प्रदान की जा रही है ।उन्होंने लोगों से यथासंभव सहयोग करने की अपील की, ताकि यह पुनीत कार्य सफल हो सके। साथ ही, उन्होंने समाज के संपन्न वर्ग से आगे आकर सामूहिक विवाह को प्रोत्साहित करने की अपील की है। विकास माली ने बताया कि भिक्षाटन से जुटाए गए धन का उपयोग शादी समारोह में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए किया जाएगा, जिससे 351 बेटियों को सम्मानपूर्वक विदा किया जा सके। इस अभियान में सोसाइटी के कई सदस्य भी शामिल रहे, जो गांव-गांव जाकर लोगों को इस नेक पहल में योगदान देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# महाकुंभ में लोक आस्था की डुबकी भारत की धार्मिक परंपरा को सलाम

● प्रशासनिक कुशलता और श्रद्धालुओं की आस्था ने इस आयोजन को अभूतपूर्व बना दिया है: डॉ मनीष पंकज

**लोकतंत्र की आवाज़**



**गया।** जिला भाजपा किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं ने महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाकर और भव्य गंगा आरती कर देश एवं प्रदेश की प्रगति के लिए मां गंगा से प्रार्थना की है। महाकुंभ, जो विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक मेला है, इस बार भी ऐतिहासिक भव्यता और प्रशासनिक सफलता के साथ आयोजित किया जा रहा है।

इस पवित्र आयोजन का सफल संचालन देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हो रहा है। प्रशासनिक कुशलता और श्रद्धालुओं की आस्था ने इस आयोजन को अभूतपूर्व बना दिया है।देश-विदेश से आए श्रद्धालु संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं।

यह आयोजन 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को साकार करते हुए भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का वैश्विक मंच पर विस्तार कर रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां गंगा से देश की उन्नति, समृद्धि और शांति की कामना की, जिससे भारत आगे बढ़े और विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर रहे हैं। त्रिवेणी मैं आस्था का स्नान एवं आरती करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, गोपाल प्रसाद यादव ,जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, प्रमोद कुमार उर्फ हीरा यादव, मंटू कुमार महेश यादव बबलू गुप्ता धनेश्वर महतो ललन कुमार आदि।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पेंशनरों के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में चिन्हित की गई जमीन, जल्द बनेगा पेंशनरों के लिए भवन



**उरई जालौन।** जिला प्रशासन ने पेंशनरों के लिए राहत देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर में पेंशनरों के लिए एक अलग से भवन बनाने के लिए जमीन चिन्हित की है। पेंशनरों ने हाल ही में जिलाधिकारी से एक विशेष भवन बनाने का अनुरोध किया था, ताकि उन्हें बैठने और अपने कार्यों को सुगमता से संपन्न करने के लिए एक ठोस जगह मिल सके। जिलाधिकारी ने इस अनुरोध को गंभीरता से लिया और कलेक्ट्रेट परिसर में भूमि चिन्हित की है, जहां अब जल्द ही पेंशन भवन का निर्माण किया जाएगा। यह भवन भूतल और प्रथम तल का होगा, और इसके निर्माण पर अनुमानित लागत लगभग 55 से 60 लाख रुपये आएगी। इस भवन के निर्माण से पेंशनरों को न केवल आरामदायक वातावरण मिलेगा, बल्कि वे अपने कामकाजी दायित्वों को भी बेहतर तरीके से निभा सकेंगे। जिलाधिकारी ने इस निर्माण कार्य के शीघ्र शुरू होने की जानकारी दी और पेंशनरों को जल्द ही राहत मिलने की बात कही। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, आरईएस अधिशासी अभियंता शैलेंद्र राजपूत आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### रेंडर जालौन : अज्ञात कारणों के चलते 20 वर्षीय युवक ने गोली मार कर आत्म हत्या कर ली

**रेंडर जालौन ।** रेंढर थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लहूदी में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लहूदी निवासी मुन्ना लाल पाल ने रेंडर थाना पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी कि उनका 20 वर्षीय बेटा लहार मे रहकर पढ़ाई कर रहा था जिसने अज्ञात कारणों के चलते आज अपने आप को गोली मार कर आत्म हत्या कर ली हैं घटना की सूचना मिलते ही रेंडर थाना पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंची और घटना की जानकारी की और अपने उच्य अधिकारियो को घटना की सूचना दी । घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ मय फौरिस टीम के घटना स्थल पर पहुंचे और फ़ौरिश टीम ने जांच पड़ताल शुरू कर दी । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक युवक मध्य प्रदेश के लहार में रहता था और वहीं रहकर अपनी पढ़ाई कर रहा था जिसने अज्ञात कारणों के चलते खुद को गोली मारकर आत्म हत्या कर ली जिसकी जानकारी क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ राम सिंह यादव ने घटना के सम्बन्ध में मीडिया को जानकारी देकर बताया।

### पेंशनरों के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में चिन्हित की गई जमीन, जल्द बनेगा पेंशनरों के लिए भवन

**उरई जालौन।** जिला प्रशासन ने पेंशनरों के लिए राहत देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर में पेंशनरों के लिए एक अलग से भवन बनाने के लिए जमीन चिन्हित की है। पेंशनरों ने हाल ही में जिलाधिकारी से एक विशेष भवन बनाने का अनुरोध किया था, ताकि उन्हें बैठने और अपने कार्यों को सुगमता से संपन्न करने के लिए एक ठोस जगह मिल सके। जिलाधिकारी ने इस अनुरोध को गंभीरता से लिया और कलेक्ट्रेट परिसर में भूमि चिन्हित की है, जहां अब जल्द ही पेंशन भवन का निर्माण किया जाएगा। यह भवन भूतल और प्रथम तल का होगा, और इसके निर्माण पर अनुमानित लागत लगभग 55 से 60 लाख रुपये आएगी। इस भवन के निर्माण से पेंशनरों को न केवल आरामदायक वातावरण मिलेगा, बल्कि वे अपने कामकाजी दायित्वों को भी बेहतर तरीके से निभा सकेंगे। जिलाधिकारी ने इस निर्माण कार्य के शीघ्र शुरू होने की जानकारी दी और पेंशनरों को जल्द ही राहत मिलने की बात कही। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, आरईएस अधिशासी अभियंता शैलेंद्र राजपूत आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### रविदास जयंती के अवसर पर 12 फरवरी को अवकाश घोषित किया: डीएम

**उरई जालौन।** शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने रविदास जयन्ती के अवसर पर दिनांक 12 फरवरी, 2025 (बुधवार) को निर्बन्धित अवकाश घोषित किया गया है। सम्यक विचारोपरान्त संत रविदास जयन्ती के अवसर पर दिनांक 12 फरवरी, 2025 (बुधवार) को घोषित निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन एतद्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

# बलिया : पुरूष वॉलीबाल प्रतियोगिता में मेजबान बलिया का विजयी आगाज

लोकतंत्र की आवाज़

## परिवहन मंत्री ने प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय एवं जिला प्रशासन के समन्वय से ओपेन स्टेट आमंत्रण पुरूष वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 11-13 फरवरी तक जिला खेल कार्यालय वीर लोरिक स्टेडियम बलिया में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स हास्टल अयोध्या स्पोर्ट्स हास्टल प्रयागराज स्पोर्ट्स हास्टल देवरिया वाराणसी गोरखपुर जौनपुर सिद्धार्थनगर गाजीपुर मऊ एवं बलिया सहित कुल 10 टीमें प्रतिभाग कर रही है जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह परिवहन मंत्री, उ0प्र0 सरकार के द्वारा फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत जवाहर लाल यादव,क्रीड़ाधिकारी एवं अजय प्रताप साहू,उप क्रीड़ा अधिकारी ने बैज अंलकरण, बुके, अंगवस्त्रम एवं स्मृति भेंट कर किया गया। इस अवसर पर मेजर दिनेश सिंह अध्यक्ष, जिला फुटबाल संध, ई0 अरूण सिंह अध्यक्ष, जिला ओलम्पिक संध, राज नारायण प्रसाद सेवानिवृत क्रीड़ाधिकारी, जितेन्द्र राव देवरिया, बब्बन सिंह रधुवंशी उप सभापति सहकारी चीनी मिल रसड़ा, धीरेन्द्र शुक्ला सचिव जिला ओलम्पिक संध, मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव जिला एथलेटिक्स संध, अजय सिंह अध्यक्ष जिला बास्केटबाल संध, अरविन्द कुमार सिंह सचिव जिला फुटबाल संध, पंकज कुमार सिंह सचिव जिला कबड्डी संध, पवन राय, ए0आर0पी0 सोहांव, नीरज राय सचिव जिला वालीबाल एसो0, हर्ष सिंह संतोष सिंह, राजेश गुप्ता उपाध्यक्ष जिला कबड्डी संध, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, रमन श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष जिला वालीबाल संध, उपेन्द्र सिंह, विनय राय, शिवजी सिंह चन्देल, संजय पाण्डेय, बिकाऊ सिंह, आलोक सिंह, डा0 अजय प्रताप सिंह, मो0 जावेद अख्तर, सच्चितानन्द राय प्रशिक्षक वालीबाल, मो0 ग्यासुद्दीन फुटबाल प्रशिक्षक, धर्मेन्द्र पाण्डेय क्रिकेट प्रशिक्षक, रोहित भारद्वाज शूटिंग प्रशिक्षक, अखिलेश खरवार आदि उपस्थित रहे। निर्णायक रमेश राय, अमित बच्चन गोरखपुर, राकेश त्रिपाठी सोनभद्र, प्रवीण कुमार वाराणसी, रामकुमार यादव सर्वेश कुमार राय, मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए निरन्तर कडी मेहनत कर राज्य, राट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेलों अपना प्रतिभाग कर जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रौशन करें। संचालन नीरज राय ने किया। क्रीड़ाधिकारी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। प्रतियोगिता का पहला मैच अयोध्या हॉस्टल बनाम जनपद मऊ के मध्य खेला गया जो काफी रोमांचक रहा जिसमें अयोध्या हॉस्टल ने जनपद मऊ को 25-15, 20-25, 25-17 से मात दिया, दुसरा मैच में प्रयागराज हॉस्टल ने जनपद जौनपुर को सीधे सेट में 25-11, 25-12 से पराजित किया, तीसरा मैच में देवरिया हॉस्टल ने जनपद गाजीपुर को 25-12, 25-22 मात दिया। आज के अन्तिम मुकाबले में बलिया ने संधर्षपूर्ण खेल का प्रदर्शन करते हुए वाराणसी को 25-9, 28-26 से पराजित कर विजयी आगाज किया। दिनांक 12.02.2025 को लीग के मैच प्रातः 10.00 बजे से खेले जायेगें।

# झांसी रोड स्थित इंडियन बैंक के पास पड़ोसियों ने दो युवकों पर हमला बोल दिया



लोक तंत्र की आवाज

## घर में घुसकर की मारपीट, दरवाजा तोड़ा; सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**उरई जालौन ।** उरई कोतवाली क्षेत्र में दबंगों की दबंगई आई सामने , दबंगई का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। उरई कोतवाली क्षेत्र के झांसी रोड स्थित इंडियन बैंक तिराहे के पास स्थित एक मंदिर के निकट की यह घटना है। दीपक तिवारी के दो बेटे कन्नू और मन्नू ने पड़ोसी आलोक उपाध्याय के परिवार पर दबंगई के चलते हमला कर दिया।

**आस-पड़ोस के लोगों ने किया बीच-बचाव :** घटना आलोक उपाध्याय के बेटे के साथ कन्नू-मन्नू का विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों भाइयों ने अपने परिजनों के साथ मिलकर आलोक के घर पर धावा बोल दिया। आक्रोशित युवकों ने न केवल घर का दरवाजा तोड़ा बल्कि जब आलोक ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट भी कर दी । स्थिति को बिगड़ता देख आस-पड़ोस के लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें दबंगों की गुंडागर्दी साफ देखी जा सकती है। पीड़ित पक्ष ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। तो उरई कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। सत्यता के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बलिया : ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 01 दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज़

**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** मंगलवार को उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 01 दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम (एस0सी0एस0पी0) का आयोजन विकास खण्ड परिसर- हनुमानगंज ,बलिया में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विभागीय योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना एवं निःशुल्क टूलकिट्स वितरण योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में खण्ड विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश जी रहे। इस मौके पर जिला अग्रणी प्रबन्धक सुशील कुमार, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग केन्द्र बलिया रवि कुमार शर्मा, जिला उद्यान अधिकारी अलका श्रीवास्तव,प्रबन्धक खादी तथा ग्रामोद्योग संस्कृति गुप्ता, वरिष्ठ सहायक शरद चन्द्र यादव,वरिष्ठ सहायक राकेश कुमार साहु विवेकानन्द सिंह जितेन्द्र सिंह रहे।

# जिला पोषण समिति/ कनवर्जन विभाग की समीक्षा बैठक की

लोक तंत्र की आवाज





**उरई जालौन ।** जिला पोषण समिति/कन्वर्जेन्स विभाग की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार उरई में आहूत हुयी। जिलाधिकारी द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यों/योजनाओं यथा-आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, एन0आर0सी0 में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती, हॉटकुक्ड मील योजना का संचालन, तीव्र अतिकुपोषित (सैम) बच्चों को दुधारु गाय उपलब्ध कराने के विषय पर विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान विकास खण्ड कुठौन्द, कदौरा, माधौगढ़ व डकोर की गृह भ्रमण की फीडिंग सबसे कम पायी गयी। सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारियों को चेतावनी निर्गत की गयी तथा सचेत किया गया कि भविष्य में 95 प्रतिशत से कम फीडिंग न हो अन्यथा कठोर कार्यवाही की जायेगी। सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाई जाये तथा सभी बच्चों को नियमित हॉटकुक्ड मील के अन्तर्गत गर्म पका-पकाया भोजन खिलाया जाये। माह जनवरी 2025 में 16 नये तीव्र कुपोषित बच्चों के परिजनों को दुधारु गाय गोद दिलायी गयी तथा कुल 274 दुधारु गाय गोद दिलाई जा चुकी है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री गौवंश सुपुर्दगी योजना के अन्तर्गत जिन लाभार्थियों को दुधारु गाय गोद दिलाई गयी है, उन्हें 1500 रुपये प्रतिमाह दिलाने हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जाये। ऑगनवाडी कार्यकत्री भर्ती में शासनादेश का पूर्णता पालन किया जाये। पोषण पुनर्वास केन्द्र (एन0आर0सी0) में माह जनवरी 2025 में 25 बच्चे भर्ती कराये गये है। निर्देशित किया गया कि सभी परियोजनाओं से सैम श्रेणी के बच्चों को एन0आर0सी0 में पुनर्वासित कराया जाये। निरीक्षण के दौरान एन0आर0सी0 में बच्चे भर्ती नहीं पाये गये तो सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकायें उपस्थित रहे।

# बिजनौर : नगीना थाना प्रभारी ने नागरिकों के साथ की बैठक कर शांति व्यवस्था में सहयोग करने कि अपील की

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**नगीना।** आगामी शब-ए-बारात और संत रविदास जयंती के मद्देनजर पुलिस ने सक्रिय कदम उठाते हुए गणमान्य नागरिकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। सोमवार को थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक तेजपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में त्योहारों को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि दोनों त्योहारों को परंपरागत तरीके से मनाया जाए और शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से चेतावनी दी कि क्षेत्र में शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में थानाध्यक्ष ने कानून व्यवस्था को लेकर गणमान्य नागरिकों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि वे किसी भी छोटी-बड़ी घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस मौके पर थाना प्रभारी तेजपाल सिंह के अलावा एसएस आई दीपक कुमार, एसआई सर्वेज खान व एस आई सोहन सिंह ने भी उपस्थित लोगों को जानकारी दी। बैठक में मौजूद हरिराम सिंह, नौ बाहर सिंह, जहीर अहमद, सिद्दीक मुल्तानी, जगमोहन, शहजाद अंसारी, आफताब अंसारी, मोहम्मद राशिद, मकसूद उस्मानी, इंद्र कुमार, मो. इरशाद, राम सिंह, मुनेंद्र कुमार, शहाबुद्दीन, मोहम्मद राशिद, शारिक, मोहम्मद उस्मान, राजकुमार, बॉबी कुमार, नफीस अहमद, निलेश कुमार, कुलदीप कुमार, राहुल, हिमांशु, सुखबीर सिंह, विपिन, इकराम अंसारी, दिनेश कुमार, अंकित कुमार, देवेंद्र, विशेष, गोंलू, नौशाद, संजय, पुनीत कुमार, मोहम्मद असलम, इकबाल सहित सभी गणमान्य नागरिकों ने पुलिस को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# बिजनौर : पुल पार कराने को की जा रही अवैध वसूली पुल से जा रहे ट्रैक्टर से अवैध वसूली करता हुआ

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट रोहित कुमार**

**मंडावर ।** किसानों को राहत देने एवं हादसे को रोकने के लिये राजारामपुर के सामने गंगा पर बनाया गया पैंटून पुल अवैध वसूली का जरिया बन गया है। सूत्रों के अनुसार ठेकेदारों के द्वारा पुल पार कराने के नाम पर ट्रैक्टरों से अवैध सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल वसूली की जा रही है। इसे लेकर किसानों में गुस्सा पनप रहा है। वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना है कि इस अवैध वसूली को पुलिस का भी संरक्षण है, जिसके चलते खुलेआम अवैध वसूली हो रही है। गौरतलब है कि गंगा पार जाने वाले स्थानीय किसानों के लिए राजारामपुर के सामने पैंटून पुल बनाया गया था। चहाड़वाला, वीरूवाला देवलगढ़ राजारामपुर, गीदडपुरा, काजीवाला, बादशाहपुर आदि ग्रामों से किसान बड़ी संख्या में खेतों पर मजदूरी करने जाते हैं। वह सुबह सवेरे अपने खेतों पर जाते हैं और शाम को वापस लौट कर आते हैं, लेकिन किसानों व ग्रामीणों को राहत मिलने के साथ-साथ अवैध वसूली का भी सामना करना पड़ रहा है। जब इस बारे में थाना प्रभारी मृदुल कुमार से वार्ता हुई तो उन्होंने बताया कि पुल पर अवैध वसूली का मामला संज्ञान में आया था। जिस पर पुल ठेकेदार को बुलाया गया है। ग्रामीणों द्वारा पुलिस पर लग रहे आरोप गलत हैं। पुलिस का पुल से कोई लेना-देना नहीं है। सही जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी।

# उरई जालौन : सीडीओ व एडीएम की अध्यक्षता में इन्टर नेट दिवस पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**उरई जालौन ।** इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष फरवरी माह के दूसरे मंगलवार को विश्व स्तर पर सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार ने आज विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस, बेहतर इंटरनेट के लिए (टूगेदर फॉर बेटर इंटरनेट) विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें अधिकारियों, अध्यापकों और बच्चों को डिजिटल अपराध, इंटरनेट आदि के बारे में जानकारियां दीं। साथ ही जागरूक एवं सुरक्षित इंटरनेट के इस्तेमाल व सामान्य साइबर सुरक्षा की जानकारी दी। कार्यशाला में पंचायतीराज, शिक्षा, बाल विकास, कृषि, स्वास्थ्य, राजस्व एवं ब्लाक स्तर और नगर निकाय के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में इंटरनेट हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। यह शिक्षा, संचार, मनोरंजन और व्यवसाय के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है, लेकिन इंटरनेट के लाभों के साथ-साथ इसकी चुनौतियां भी हैं। जैसे साइबर अपराध, भ्रामक खबरें, ऑनलाइन बुलिंग और निजता का उल्लंघन। इसी कारण, 'टुगेदर फॉर बेटर इंटरनेट' का उद्देश्य एक सुरक्षित, सकारात्मक और उपयोगी डिजिटल वातावरण बनाना है, जहां हर व्यक्ति इंटरनेट का सही और जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग कर सके। सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर जिम्मेदारी पूर्वक व्यवहार करना चाहिए और नकारात्मकता से बचना चाहिए। किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की पुष्टि करना आवश्यक है। माता-पिता और शिक्षक बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की शिक्षा दें और उनके ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखने के साथ ही इंटरनेट पर किसी भी अवैध गतिविधि से बचने व साइबर अपराध की स्थिति में उचित प्राधिकरण को रिपोर्ट करने की जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान केंद्र के मेहेर प्रकाश ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित अधिकारियों व छात्र-छात्राओं को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, साइबर हाइजीन, साइबर अटैक से सुरक्षा तथा डिजिटल अरेस्ट से बचाव की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भा0कि0यू0, उपाध्यक्ष बन्धु सिचाई विभाग सुनील वर्मा, एनआईसी से प्रवीण कुशवाहा आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बिजनौर: बढ़ापुर व चांदपुर क्षेत्र से लापता युवकों के शव मिले

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**

बिजनौर बढ़ापुर व चांदपुर क्षेत्र में लापता दो युवकों के शव मिलने से सनसनी फैल ल गयीं। मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। बढ़ापुर से प्राप्त समाचार के अनुसार सोमवार को बढ़ापुर थाना क्षेत्र में बहने वाली रामगंगा नदी में गांव कुआं खेड़ा खदरी से कुछ दूरी पर नदी किनारे एक घाट के समीप एक युवक का शव पड़ा मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की शिनाख्त गांव मंझेड़ा शकरू निवासी आयान उर्फ शब्बू (25 वर्ष) पुत्र अतीक अहमद के रूप में हुई। बताया जाता है कि आयान गत 4 फरवरी को बाइक से घर से निकला था। इसके बाद से वह लापता था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी थाना नगीना में दर्ज कराई थी। नगीना पुलिस आयान को लगातार तलाश कर रही थी। बताया जाता है कि दो दिन पहले आयान सुमित की बाइक और मोबाइल फोन रामगंगा नदी के किनारे पड़ा मिले थे। इसके बाद नगीना एवं बढ़ापुर पुलिस ने आयान की खोज रामगंगा नदी में शुरू की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी ने अयान का शव मिलने की पुष्टि की। चांदपुर संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के ग्राम हल्ला नंगला निवासी सुमित कुमार (25 वर्ष) पुत्र सूरज सिंह 2 फरवरी को शादी में शामिल होने के लिए मोटर साइकिल से नगर के नूरपुर रोड स्थित एक विवाह मंडप में था। उसके बाद से वह अपने घर नहीं लौटा था। उसकी मोटर साइकिल मंडप के बाहर खड़ी मिली थी। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी थी। सोमवार को दोपहर बाद लापता सुमित का शव नूरपुर रोड पर पेट्रोल पंप के नजदीक नाले में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पाकुड़ विधायिका प्रतिनिधि बरकत खान ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं, ऑन स्पॉट भी किए कुछ समस्या का निदान



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

बरहरवा। पाकुड़ विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने प्रत्येक मंगलवार की तरह ही इस बार भी प्रखंड स्थित कार्यालय में लोगों की समस्याओं को काफी गंभीरता पूर्वक सुना एवं ऑन स्पॉट कुछ समस्या का किया निदान और उक्त समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। बताते चले की विधायक प्रतिनिधि बरकतुल्ला खान लगातार कई वर्षों से क्षेत्र की जनता की समस्याएं हर मंगलवार को जनता दरबार लगाकर सुनते हैं जिसमें ज्यादातर लोगों की समस्या जमीन विवाद,घरेलू मुद्दे या आवास योजना को लेकर होती है,इन सारी समस्याओं को विधायक प्रतिनिधि काफी गंभीर होकर सुनते है और बहुत सारी समस्या का निदान ऑन द स्पॉट अपने स्तर से तत्काल ही करते हैं और वहीं कई समस्याओं को इस समस्या से संबंधित पदाधिकारी को इसकी जानकारी देकर जल्द ही इसके निपटारे का आग्रह करते है। वहीं बरकत खान ने बताया कि पाकुड़ विधानसभा की लोकप्रिय विधायक निसात आलम का भी सख्त निर्देश है कि जो भी लोग अपनी समस्या लेकर विधायक कक्ष में आते है ,उनके समस्या का निस्वार्थ भाव से समाधान किया जाए । इसी क्रम में प्रत्येक मंगलवार को विधायक कक्ष में हमलोग जनता की समस्याओं से रूबरू होते है। वहीं मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू एवं सैकड़ों की संख्या में पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग जगहों से आए हुए ग्रामीण मौजूद थे।

### स्नातकों की समस्या समाधान के लिए तेजस्वी से मिले डॉ नितेश



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। कोसी स्नातक विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी एवं युवा राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉक्टर नितेश यादव ने पटना में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से मिलकर स्नातक क्षेत्र में शिक्षकों को हो रही परेशानी वित्त रहित शिक्षकों को बकाया अनुदान एवं स्नातक बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता मिले इन सब बातों से अवगत कराया। साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव पर भी पार्टी एवं संगठन को मजबूत करने के लिए सुझाव दिया। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार बनने पर सभी मांगों को पूरा करने का सकारात्मक आश्वासन दिया एवं क्षेत्र में काम करते रहने के लिए निर्देश दिया।

### सड़क पार करने के दरमियान अज्ञात वाहन ने महिला को मारा धक्का मौके पर हुई मौत



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

तबिहपुर। मंगलवार को नन्हकार के राष्ट्रीय राज्य मार्ग एन एच 31पर गंगा घाट से लौटने के क्रम एक महिला को अज्ञात वाहन के धक्का लगने से मौत हो गई।महिला की पहचान झंडापुर निवासी मृत्यंजय चौधरी की पत्नी रुसी देवी के रुप में हुआ।जानकारी के मुताबिक मृतक रुसी देवी अपने पुत्र सत्यम कुमार द्वारा गंगा घाट पर स्नान करने के बाद बेटे सत्यम द्वारा दंड दिया जा रहा था।दंड देते हुए मड़वा भोला स्थान मंदिर जाना था।लेकिन रास्ते में ही जानकारी के मुताबिक पहले बाइक से धक्का लगने से बिच सड़क पर ही गिर गई।जब तक वह अपने आप को संभाल पाती तब तक खगड़िया की ओर से आ रही तेज रफ्तार में अज्ञात गाड़ी द्वारा उन पर चढ़ा दिया गया।जिसे घटनास्थल पर ही मौत हो गई।पुत्र सत्यम के सामने यह सारी घटना हुई ।घटना की सूचना मिलते ही बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी लिया और परिजन के सहयोग से शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया अनुमंडल भेज दिया गया। घटनास्थल पर झंडापुर थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं ।

### वारिसनगर: तीन पियकड़ को भेजा जेल



लोकतंत्र की आबाज

वारिसनगर/समस्तीपुर। मथुरापुर थाना पुलिस द्वारा शराब पीकर हो हंगामा करते तीन पियकड़ राजा कुमार पेसर जयनरायण महतो, आदित्य राज पेसर राजाराम महतो दोनों साकिन परोरिया थाना वारिसनगर एवं मो अहमद राजा पेसर मो मोरसलीम साकिन बेगमपुर थाना मथुरापुर तीनो जिला समस्तीपुर को गिरफ्त में एसआई अशवथामा कुमार द्वारा मथुरापुर घाट से गिरफ्त में लेते हुए माननीय उत्पाद न्यायलय सदर समस्तीपुर उपस्थापन वास्ते भेजा गया क़ी पुस्टि थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने क़ी हैं।

# हरिगांव के लोगों को अब पंचायत सरकार भवन में मिलेंगी सभी प्रकार की सुविधाएं

## प्रखंड कार्यालय जाने की नहीं पड़ेगी जरूरत, भवन में मुखिया और पंचायत स्तर के सभी कर्मी बैठेंगे

लोकतंत्र की आवाज़




जगदीशपुर/भोजपुर। जगदीशपुर प्रखंड के हरिगांव पंचायत वासियों को अब पंचायत सरकार भवन में ही सभी प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी। इससे उन्हें प्रखंड कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और वे अपना सारा काम पंचायत सरकार भवन में ही करा सकेंगे। भवन का सौंदर्यीकरण एवं उन्नयन किया गया है। भवन में ग्रामीणों को पंचायती राज, कृषि, कल्याण, मनरेगा, ग्रामीण विकास, राजस्व एवं भूमि सुधार, ग्रामीण विकास सुधार और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना सहित अन्य विभाग से संबंधित सभी कार्य किये जायेंगे।

इसके अलावा लोगों को आरटीपीएस काउंटर और ई-डिस्ट्रिक्ट सेवा भी मिलेगी। इस विभाग से नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं में जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और भूमि अभिलेख आदि शामिल हैं। इसके अलावा अन्य दस्तावेज भी जारी कर तैयार किए जाएंगे। भवन में मुखिया, विकास मित्र, पंचायत सचिव, आवास सहायक, राजस्व कर्मचारी, किसान सलाहकार, पंचायत रोजगार सेवक, कार्यपालक सहायक सहित पंचायत स्तरीय कर्मियों का कार्यालय संचालित है। इसके अलावा सभी के कार्यालय कक्ष के सामने डिजिटल नेम प्लेट पर संबंधित लोगों के नाम, पदनाम और मोबाइल नंबर भी लिखे गए हैं। ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

पंचायत सरकार भवन में बना सभागार कक्ष ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र होगा। यहां ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा क्षेत्र के विकास से जुड़ी योजनाएं यहां क्रियान्वित की जाएंगी। इसके अलावा सभागार में प्रशिक्षण, कार्यशालाएं और विभिन्न शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण और जानकारी मिल सकेगी। यह सभागार ग्रामीणों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करेगा। बताया जाता है कि 16 फरवरी को मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा के तहत पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण करेंगे। इसके चलते बिल्डिंग को 3डी पेंटिंग कर नया लुक दिया जा रहा है।

**भवन में खुली लाइब्रेरी, मिलेगी निःशुल्क सेवा :** शिक्षा एवं ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंचायत सरकार भवन में पुस्तकालय खोला गया है। इस पुस्तकालय में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित 350 पुस्तकें रखी गई हैं। जो अभ्यर्थियों को मुफ्त सेवा प्रदान की जाएगी, जो उनके लिए बड़ी मदद होगी। इसके अलावा लाइब्रेरी में बैठने और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी, जिससे अभ्यर्थियों को आराम से पढ़ाई करने में मदद मिलेगी। इस पुस्तकालय की स्थापना पंचायत के मुखिया विजय शंकर चौबे उर्फ टूना चौबे एवं पंचायत सचिव रंजीत झा के सौजन्य से की गयी है।

**ई-ग्राम कचहरी संचालन के लिए सभी संसाधनों को किया जा रहा अद्यतन:** पंचायती राज विभाग के अधीन भवन में ई-ग्राम कचहरी ( कोर्ट ) चलेगा। जिससे ग्रामीणों को न्यायिक सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इस व्यवस्था में सरपंच, उपसरपंच और पंच वादी पक्ष की समस्याएं सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे। सभी शिकायतें और न्यायिक प्रक्रियाएं डिजिटल रूप से दर्ज की जाएंगी। इसके अलावा, लोग अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं और अपने मामलों की स्थिति को भी ट्रैक कर सकते हैं। ई-ग्राम कचहरी संचालन के लिए सभी संसाधनों को अद्यतन किया जा रहा है।

**भवन में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध:** लोगों की सुविधा के लिए पंचायत सरकार भवन में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। इसमें सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। जिसमें महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय एवं मूत्रालय की व्यवस्था है। इसके अलावा पंचायत सरकार भवन में फ्री वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध है, ताकि लोगों को इंटरनेट की सुविधा मिल सके।

**ग्रामीणों को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी:** बीडीओ डॉ. सुदर्शन कुमार ने बताया कि पंचायत सरकार भवन में पंचायत स्तर के सभी कर्मी बैठेंगे। इसमें ग्रामीणों की सभी तरह के कार्य किए जाएंगे। भवन में संबंधित कर्मियों के पद के साथ नाम और मोबाइल नंबर भी लिखा गया है जिससे ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। पंचायत के मुखिया विजय शंकर चौबे उर्फ टुना चौबे ने कहा कि अब पंचायत सरकार भवन में ग्रामीणों को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी, अब उन्हें प्रखंड कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्रखंड कार्यालय तक जाने के लिए जो भी सुविधाएं मिलती थीं, अब उन्हें पंचायत भवन में ही सुविधाएं मिलेंगी।

## ग्रामीणों की चिरप्रतीक्षित मांग अंडरपास पुल का भूमि पूजन



लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत सलेमपुर पंचायत के फौजदारी ग्राम में लगातार ग्रामीणों की मांग हुई पूरी। होगा अंदर पास पुल का निर्माण।एक वर्ष से ग्राम एवं खेतों को जोड़ने वाली ग्रामीण सड़क के ऊपर बना रहे फोरलेन के मध्य अंडरग्राउंड पुल की मांग को लेकर धारणा प्रदर्शन जारी थी ।वही मांग पूरा होने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर देखी गई । जहां स्थानीय जिला परिषद सदस्य कैलाश यादव स्थानीय मुखिया दयावती देवी, एवं राजद नेता सुधांशु यादव शेखर यादव, देवकुमार यादव,सहित अन्य लोगों द्वारा उक्त स्थान पर उपस्थित होकर प्रसाद चढ़ाकर ,एक दूसरे को मिठाई खिलाया। साथ ही उपस्थित प्रतिनिधिगण को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। इस मौके सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे । इसी लोगों ने खुशी जताई। कहा कि अन्दर पास निर्माण होने से ग्रामीणों की समस्या का निदान हुआ।

## मोहित सरोवर को बनाया जा रहा सुंदर और आकर्षक

लोकतंत्र की आवाज



- सीढ़ीदार छठ घाट की की जा रही रंगाई-पुताई, कालीन घास पर फूल से मुख्यमंत्री की 'प्रगति यात्रा' का नाम लिखा जाएगा

जगदीशपुर/भोजपुर। जगदीशपुर के हरिगांव गांव में स्थित मोहित सरोवर को सजाने का काम जोरों पर है। सरोवर में बने लगभग 700 फीट लंबे सीढ़ीदार छठ घाट की रंगाई-पुताई की जा रही है। साथ ही, सरोवर के दो हिस्सों में कारपेट घास बिछाई जा रही है, जिस पर जल जीवन हरियाली अभियान के तहत मुख्यमंत्री के ₹प्रगति यात्रा₹ का गेंद के फूल से लेखन किया जाएगा। इसके अलावा, विभिन्न जागरूकता स्लोगन भी लिखे जाएंगे।

गौरतलब है कि वर्षों से जर्जर हालत में पड़े मोहित सरोवर का जीर्णोद्धार कर उसे नया रूप दिया गया है। लोगों के टहलने के लिए सरोवर के चारों ओर पेवर ब्लॉक बिछाए गए हैं। साथ ही चारों तरफ सोलर लाइटें लगाई गई हैं,जिससे रात में भी यह जगह आकर्षक दिखेगी। उल्लेखनीय है कि

इस सरोवर के नाम मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के दादा मोहित राम गुलाम के नाम पर मोहित सरोवर रखा गया है। बताया जाता है कि मोहित राम गुलाम का परिवार इसी तालाब में नहाने समेत अन्य काम करते थे। साल 2008 में 19 फरवरी को मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र राम गुलाम ने सीएम नीतीश कुमार की मौजूदगी में सरोवर का शिलान्यास किया था। लेकिन 17 साल बाद भी जीर्णोद्धार नहीं कराया गया। सीएम की प्रगति यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम के बाद सरोवर के दिन बहुर गये। अनुमान है कि सरोवर के जीर्णोद्धार में 70 लाख रुपये से अधिक खर्च हुआ है।

**मछली पालन और जीविका के तहत बत्तख पालन की योजना:** सरोवर में मत्स्य विभाग के तहत मछली पालन और जीविका के तहत बत्तख पालन की योजना बनाई गई है। इसके अलावा, जीविका के माध्यम से मत्स्य सह बतक शेड का संचालन भी किया जाएगा। जीविका बीपीएम सत्येंद्र कुमार के अनुसार, हरिगांव में आशीष जीविका महिला ग्राम संगठन को पोखरा में मछली पालन के लिए अगले पांच साल के लिए आदेश मिला है। बतक शेड में बतक पालन भी जीविका से किया जाएगा।

**कचड़े से बनाया गया कंचन पार्क :** कंचन पार्क जो कचड़े से बनाया गया वेस्ट टू आर्ट पार्क है। पार्क पंचायत सरकार भवन प्रांगण में स्थापित किया गया है और इसमें बैठने के लिए चार लोगों की व्यवस्था है। पार्क में वाहनों के टायर से डाइनिंग टेबल और बैठने की कुर्सी बनाई गई हैं। डाइनिंग टेबल के ऊपर लगाए गए छतरी मेडिसिन वॉटर बॉटल को कलर करके बनाया गया है। इसके अलावा, अन्य अनयूजुअल सामानों से पार्क को आकर्षक रूप दिया गया है। इस पार्क का निर्माण जन विकास क्रांति सह भोजपुरिया हुनर हाट द्वारा कराया गया है, जो दिव्यांग कारीगरो द्वारा बनाया गया है। यह पार्क न केवल आकर्षक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि कचड़े को भी कुछ उपयोगी और सुंदर बनाया जा सकता है।

**सरोवर को सुंदर बनाने के साथ-साथ कंचन पार्क को किया गया स्थापित: मुखिया:** पंचायत के मुखिया विजय शंकर चौबे उर्फ टूना चौबे ने बताया कि मोहित सरोवर को आकर्षक रूप दिया जाएगा। सरोवर को सुंदर बनाने के साथ-साथ कंचन पार्क को भी स्थापित किया गया है। इसके अलावा, सरोवर को फूलों से आकर्षक तरीके से सजाने की भी योजना है।

## मानवता हुई शर्मसार मित्रता को लगा कलंक बाइक दुर्घटना में घायल हो गया मित्र, इलाज के खर्च देने से बचने को कर दी हत्या

लोकतंत्र की आवाज



रामजी कुमार

समस्तीपुर। 8 फरवरी को मिठाई बनाने के लिए घर से बाइक लेकर निकले तीन दोस्तों में एक दोस्त का शव विद्यापति नगर थाना क्षेत्र के मधुपाकर चौर से 9 फरवरी को बरामद हुआ। स्वजन इस मामले को लेकर दोनों दोस्त पर ही हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराया था। इस मामले को लेकर डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया प्राथमिकी के आधार पर अनुसंधान इकाई समस्तीपुर के पुनि. शिवपूजन कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर पिंकी प्रसाद, विद्यापति नगर थाना के ध्यानाध्यक्ष फिरोज आलम, अमित कुमार और राकेश कुमार ने दोनों दोस्त आरोपी को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए विद्यापति नगर थाना क्षेत्र के सिमरी निवासी धर्मेंद्र महतो के पुत्र राम विनय महतो और रामानंद राय के पुत्र अनिल कुमार राय ने पूछताछ में बताया कि वह मृतक गांव के ही जगरनाथ साह के पुत्र सुरेश साह साथ उसी के बाइक से मिठाई बनने के लिए निकला था। इसी दौरान रास्ते में तीनों एक स्थान पर शराब पी लिया था। इसके बाद मृतक सुरेश बाइक चलाते हुए हलइ थाना क्षेत्र के इंद्रवारा के पास सड़क किनारे बिजली पोल की टाना तार से टकड़ा गया। उस घटना में सुरेश का पैर बुरी तरह टूट गया। हम दोनों भी घायल हो गए। किसी तरह सुरेश को किसी तरह बाइक पर लादकर घर के लिए निकले। इसी दौरान सुरेश की स्थिति को देखकर हम दोनों घबरा गए।

इलाज का खर्चा देने के साथ केस में फसने के डर से हम दिनों ने मिलकर गला दबाकर सुरेश की हत्या कर चौर में शव को फेक कर फरार हो गए। डीएसपी ने बताया कि दोनों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायलय के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने किया राज्यकीय माघी मेला का निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



- गंगा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, पार्किंग और नियंत्रण कक्ष की तैयारियों का जायजा
- श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन सतर्क, स्वच्छता और आपातकालीन सेवाओं पर जोर

मामलोत सेख

बरहरवा। राज्य के आदिवासी महाकुंभ राज्यकीय माघी पूर्णिमा मेला की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेले की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण :** निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने मेला प्रवेश द्वार, पार्किंग व्यवस्था, गंगा घाट पर बैराकेटिंग व्यवस्था, अस्थायी पंडाल, नियंत्रण कक्ष,मीडिया कक्ष और सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि:** गंगा स्नान के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए घाटों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने गंगा घाट पर तैनात गोताखोरों, पुलिस बल और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन निगरानी और बैरिकेडिंग की व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए।

**यातायात एवं पार्किंग की विशेष व्यवस्था :** मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पदाधिकारियों से कहा कि पार्किंग स्थलों को उचित रूप से चिह्नित किया जाए और वहां वाहनों की आवाजाही सुगम बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पार्किंग क्षेत्र में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और श्रद्धालु आसानी से अपने वाहनों को पार्क कर सकें।

**स्वास्थ्य एवं आपातकालीन सेवाएं रहेंगी मुस्तैद:** मेले के दौरान आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों ने यह निर्देश दिए कि प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में दवाइयां, एंबुलेंस और डॉक्टरों की टीम उपलब्ध रहे। साथ ही, उन्होंने मेले में संक्रामक बीमारियों को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों का अवलोकन :** राजकीय माघी मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने मंच, ध्वनि व्यवस्था, दर्शक दीर्घा और प्रतिभागियों की सुविधाओं का निरीक्षण किया और कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**प्रशासन की अपील :** निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि प्रशासन श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें, साफ-सफाई बनाए रखें और किसी भी आपात स्थिति में नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें। इस निरीक्षण के बाद संबंधित विभागों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि राजकीय माघी मेला श्रद्धालुओं के लिए एक सुखद और सुरक्षित अनुभव बन सके। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल बिमल सोरेन, मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल विमलेश त्रिपाठी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़हरवा तालझारी नितिन खंडेलवाल उपस्थित थे।

## पीरपैंती: अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर भागलपुर फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय धारणा प्रदर्शन

लोकतन्त्र की आवाज




केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। भागलपुर फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन द्वारा अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर जिला अध्यक्ष रंजन कुमार यादव के अध्यक्षता में भागलपुर समाहरणालय परिसर में विशाल धरना का आयोजन मंगलवार को किया गया । वहीं धरना में नारायणपुर ,बिहपुर, खड़ीक , इस्माइलपुर ,नवगछिया, सुल्तानगंज ,नाथनगर ,पीरपैंती, कहलगांव सहित पूरे भागलपुर जिला से लगभग हज़ारों विक्रेताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से हाथ में पोस्टर बैनर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी किया , साथ ही

जिला पदाधिकारी भागलपुर के माध्यम से बिहार सरकार को एक मांग पत्र सौपा कर शांतिपूर्वक विचार करने का आग्रह किया । ज्ञात हो कि 20 जनवरी से जन वितरण दुकानदारों के 8 सूत्री मांगों को लेकर पटना के गर्दनीबाग में अंबिका यादव के द्वारा भूख हड़ताल किया जा रहा है । इसके समर्थन में भागलपुर सहित पूरे बिहार के जन विक्रेता गण फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं ।वही धारणा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने कहा कि अगर सरकार हमारी मांगे नहीं मानेगी तो हम हड़ताल जारी रखेंगे एवं बिहार सरकार खिलाफ कोर्ट में केस करेंगे और यह लड़ाई सड़क से सदन तक जाएगी । धरना में इलियास अंसारी पीरपैंती अध्यक्ष प्रेम कुमार मंडल कहलगांव अध्यक्ष जटाशंकर सिंह सनहौल के प्रदीप कुमार, बिहपुर अध्यक्ष मृत्युंजय मिश्रा नारायणपुर अध्यक्ष हरे राम शर्मा नवगछिया अध्यक्ष अनिल पासवान रंगदा अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सुल्तानगंज अध्यक्ष पिंटू कुमार इस्माइलपुर अध्यक्ष कृष्णदेव जायसवाल खड़ीक प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार , नाथ नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर मंडल सहित लक्ष्मण कुमार अभिषेक कुमार सूरज कुमार जफर आलम सुभाष राम के साथ साथ भागलपुर जिला के सभी प्रखंडों से हजारों विक्रेता गण शामिल रहे ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### डीएम सौरभ जोरवाल को राष्ट्रपति से सम्मानित होने पर विधान पार्षद डॉ0 खालिद अनवर ने किया सम्मानित



**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**मोतिहारी।** लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रबंधन,तकनीकी इनोवेशन और सुरक्षा प्रबंधन में बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरे देश भर के जिलो में पूर्वी चंपारण के डीएम का बेहतर प्रदर्शन रहा था।जिसको लेकर उन्हे विशेष सम्मान राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा पुरस्कृत किया गया था। इसी को लेकर मंगलवार को जदयू विधान पार्षद डॉ० खालिद अनवर द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम सौरभ जोरवाल को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बुके देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधान पार्षद डॉ० खालिद अनवर ने बताया कि डीएम सौरभ जोरवाल के स्वतंत्र और निष्पक्ष कार्य प्रणाली की राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा किया जाना। बिहार के साथ साथ पूर्वी चंपारण जिले वासियों के लिए गर्व की बात है। जिले को प्रथम बार इस खास उपलब्धि दिलाने के लिए श्री सौरभ जोरवाल को बधाई देता हूं।

### मोतिहारीः अनुमंडल पदाधिकारी ढाका एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा पीडीएस दुकानों का निरीक्षण किया गया



**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** अनुमंडल पदाधिकारी,सिकरहना (ढाका) द्वारा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, चिरैया के साथ पीडीएस परख एप के माध्यम से चिरैया प्रखंड अंतर्गत मीरपुर, खड़तरी पूर्वी और खड़तरी मध्य पंचायत में पीडीएस दुकानों का निरीक्षण किया गया और लाभुकों से राशन वितरण के स्थिति की जानकारी ली गई। निरीक्षण के क्रम में लाभुकों द्वारा फरवरी माह का राशन नहीं मिलने की शिकायत की गई। इस संबंध में विक्रेता द्वारा हड़ताल पर रहने को कारण बताया गया। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सभी पीडीएस विक्रेताओं को अविलंब फरवरी–2025 का राशन उठाव एवं वितरण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही निर्देश गया कि नियमित रूप से दुकान का संचालन करें। प्रति माह ससमय राशन का वितरण करें। दुकान की पंजी, सूचना पट्ट और मूल्य सह भंडार प्रदर्शन पट्ट अद्यतन रखें। खाद्यान्न का रख रखाव सही तरीके से करें। साथ ही अपने दुकान से संबद्ध लाभुकों का शत प्रतिशत ई–केवाईसी और आधार सीडिंग करना सुनिश्चित करें।

### झारमहुई जमुनिया सरेह में लगे 26 आम का पेड़ काटने मामले में चौतरवा थाना में प्राथमिकी दर्ज



**चौतरवा।** बगहा अनुमंडल के झारमहुई जमुनिया सरेह में निजी जमीन में लगे 26 आम का पेड़ दबंगई से काट देने मामले में झारमहुई गाँव निवासी वाजुल हक पिता जहीरुल हक चौतरवा थाना में आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाया है। उक्त मामले में पीड़ित वाजुल हक ने बताया कि लगातार चौतरवा थाना का चक्कर लगा रहा हुँ। लेकिन एक गरीब का कोई फरियाद सुनने वाला नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि गरीब के साथ नाइंसाफी हुई है। दोषियों पर कार्रवाई होना चाहिए।

# केसरिया महोत्सव के आयोजन को लेकर की गई बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

बौद्ध स्तूप केसरिया के पास स्थित कैफेटेरिया के सभागार में मंगलवार को केसरिया महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विधायक ने आयोजन की रूपरेखा,आयोजन स्थल, मंच, लाइटिंग,विभिन्न विभागों के लगने वाले स्टॉल,पार्किंग, कलाकारों के चयन आदि बिंदुओं पर एडीएम मुकेश कुमार सिन्हा, चकिया एसडीओ शिवानी शुभम सहित अन्य अधिकारियों एवं बैठक में मौजूद प्रबुद्धजनों के साथ आवश्यक विचार-विमर्श किया। विधायक शालिनी मिश्रा ने कहा कि इस बार 20, 21 व 22 फरवरी को तीन दिवसीय केसरिया महोत्सव का आयोजन संभावित है। यह आयोजन भव्य व ऐतिहासिक हो इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। महोत्सव के प्रथम दिन सुप्रसिद्ध लोकगायिका मालिनी अवस्थी आर्कषण का केंद्र होंगी। वहीं दूसरे दिन स्थानीय कलाकारों के साथ हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन कराया जाएगा जिसमें दिनेश बाबरा सहित अन्य हास्य कवि सम्मेलन में शिरकत करेंगे। जबकि तीसरे दिन बॉलीवुड की सुप्रसिद्घ पार्श्वगायिका आकांक्षा शर्मा अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगीं। विधायक ने कहा कि महोत्सव में क्षेत्रीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने आसपास के लोगों से अपील करते हुए कहा कि महोत्सव आयोजन की संध्या अपने-अपने



घरों व दुकानों को लाईटिंग कर सजा दें ताकि महोत्सव को और भव्यता मिल सके। अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि कलाकारों का चयन सहित अन्य बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर स्मारिका के प्रकाशन का भी निर्णय लिया गया है जिसके लिए आलेख एवं कविता अनुमंडल पदाधिकारी चकिया के कार्यालय में जमा कराया जा सकता है। स्थानीय कलाकार भी अपना आवेदन अपने पहले की प्रस्तुति का एक शॉर्ट वीडियो क्लिप के साथ अनुमंडल पदाधिकारी चकिया के कार्यालय में जमा करेंगे। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने आयोजन को सफल बनाने से संबंधित अपने-अपने सुझाव साझा किये। बैठक में डीसीएलआर चकिया, जिला कृषि पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी योजना,केसरिया बीडीओ मनीष कुमार सिंह, बीईओ विनय कुमार तिवारी, सीडीपीओ रघुवंश कुमार, सीएचसी की प्रभारी डॉ अर्चना, बीएचएम धर्मराज कुमार, महात्मा बुद्ध सेवा संस्थान के अध्यक्ष सीताराम यादव, डॉ परमेश्वर ओझा, प्रफुल्ल कुँवर, विश्वनाथ सिंह, लव कुमार यादव, राजकुमार प्रसाद, संजय किशोर तिवारी,शम्भू महतो,चुन्नू सिंह, मुखिया भोला कुमार,मो0 इशाक आजाद,मो रफी समेत क्षेत्र के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

### दवा खाने के बाद उल्टी या चक्कर आने पर घबराएँ नहीं यह है फाइलेरिया परजीवी के मरने का शुभ संकेतः डॉ शरत चंद्र शर्मा



लोकतंत्र की आवाज

- खाली पेट दवा नहीं खाने की लोगों को दी जा रही सलाह
- दिक्कत हो तो नजदीकी अस्पताल जाएँ, अफवाहों से बचें

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**मोतिहारी 11 फरवरी ।** पूर्वी चम्पारण जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलाई जा रही सर्वजन दवा सेवन अभियान रफ्तार पकड़ चुकी है। इस बीच दवा सेवन के उपरांत रक्सौल, मधुबन प्रखंड से बच्चों के अंदर हल्के साइड इफेक्ट की बातें सामने आई है। लोग घबरा गए और बिना सच्चाई जाने लोगों के बीच भ्रम फैलने लगी। हालांकि कुछ ही समय में सब कुछ सामान्य हो गया। यह कहना है जिले के डीबीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा का। उन्होंने बताया कि सर्वजन दवा खाने के बाद उल्टी या चक्कर आने पर घबराएं नहीं, यह फाइलेरिया परजीवी के मरने का शुभ संकेत है। अनुमण्डलीय अस्पताल रक्सौल के उपाधीक्षक डॉ राजीव रंजन ने बताया कि हरदिया गाँव के 35 बच्चों में दवा का इफेक्ट हुआ। कुल 10 बच्चों को उल्टी, चक्कर की समस्या हुई। इससे बाकी बच्चे डर गए थे। इसकी जानकारी मिलते ही उन्हें स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से अनुमण्डलीय अस्पताल लाकर उल्टी की दवा एवं एंटासिड की दवाएं दी गई। आराम होने पर सभी बच्चों को पुनः एम्बुलेंस से घर पहुँचा दिया गया। डॉ राजीव रंजन ने बताया कि लोगों को यह भ्रम है कि दवा खाने से ऐसा होता है। लोगों को यह जानना जरुरी है कि जिन बच्चों में दवा सेवन के बाद उल्टी, चक्कर एवं सर दर्द जैसी शिकायत आयी है, उनमें फाइलेरिया परजीवी का संक्रमण होने की पुष्टि होती है। फाइलेरिया के परजीवी दवा सेवन से मरते हैं, जिसके कारण उल्टी, चक्कर या सर दर्द जैसे छोटी-मोटी शिकायत हो सकती है। इसलिए घबराएँ बिलकुल नहीं।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन अनुसंधान के तहत् कुल 5009 कांडों में न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** मोतिहारी पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात द्वारा मिशन अनुसंधान के तहत् माह जनवरी, से लेकर आज तक युद्धस्तर पर निष्पादन किया गया,कुल 5009 कांडों में माननीय न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया। हत्या के 47, लूट के 44 ,60 एससी एसटी, 17 एनडीपीएस, 14 बलात्कार के कांडों को निष्पादित किया गया। जिले के करीब 20 आईओ ने 20 से अधिक कांडों का निष्पादन किया। वहीं श्री स्वर्ण प्रभात ने कहा कि कुल 58 आईओ वैसे है जो 15 से अधिक का निष्पादन किया है। सभी को प्रशस्ति पत्र/सुसेवांक दिया जाएगा। कुछ आईओ जिनका बेकार प्रदर्शन रहा उन पर विभागीय कारवाई शुरू की जा रही है। थाना, अंचल और अनुमंडल की भी रैंकिंग की गई है। प्रति महीने अनुसंधान से संबंधित आंकड़ा जारी किया जाएगा।

### बंचहरी पैक्स के किसानों को नुक्कड़ नाटक कर किया गया जागरूक

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** प्रखंड बगहा एक के पंचायत राज बंचहरी के पैक्स अध्यक्ष विश्वविजय सिंह उर्फ नन्हें सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को जागरूक किया गया।इस दौरान बगहा सहकारिता अधिकारी पूरण शर्मा ने बताया कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नई कृषि क्रांति पर आधारित बिहार सरकार ने कृषि को बेहतर तरीके से अधिक ऊपज करने के लिए किसानों को विस्तृत जानकारी दिया जा रहा है। साथ ही किसानों के शोषण को रोकने तथा उनका अधिकार शत प्रतिशत दिया जाय। वहीं किसानों के मोटा धान की खरीद 23 सौ रुपए तथा महीन धान का खरीद 23सौ 20रूपये पैक्स में खरीदा जाएगा। वहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर के किसानों को बेहतर भविष्य उज्वल बनाने के लिए प्रत्येक



- चंपारण जिला के सभी पंचायतों के पैक्स में किसान सहकारिता चौपाल लगाकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है

पंचायतों में सहकारिता बैंक का खोलना जिसमें सावधि, नकद जमावधि तथा किसानों को लोन देने की व्यवस्था है। किसान को दर्जनों प्रकार के सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। जिसमें प्रमुख रूप से फसल बीमा योजना अनिवार्य है। जिसमें किसानों का फसल क्षति की पूर्ति सरकार देगी। किसानों को सभी प्रकार के फसलों पर फसल बीमा जरूर कराना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि पैक्स में सदस्य बनने के लिए किसानों को 2फोटो, आधार कार्ड का फोटो, 11रूपये नकद ऑन लाइन कर किसान सहकारिता पैक्स के सदस्य बन सकते हैं। वहीं किसानों को खेती किसानी करने के लिए ट्रेक्टर ट्रॉली अन्य उपकरण के लिए 15लाख तक का लोन दिया जाएगा। जिसमें 50प्रतिशत की छूट होगी। वहीं किसानों को केसीसी लोन 4प्रतिशत ब्याज के दर से दिया जाएगा। साथ ही किसानों को सरकारी योजनाओं को बेहतर तरीके से लाभ देने के लिए भारत सरकार तथा बिहार सरकार तत्पर है। इस दौरान शिवप्रताप सिंह, रामचंद्र सिंह, रत्नेश कुमार सिंह, प्रमोद पांडेय, अमरेश्वर सिंह, पवन जायसवाल, सुनील सिंह, मलूक तिवारी, विकास पटेल, बैरिस्टर सिंह, झिनका सिंह, अदालत यादव विवेक यादव वीरेंद्र सिंह, गया साह, रमेश साह सहित सैकड़ों की संख्या में किसान नुक्कड़ नाटक में शामिल रहे।

### एल्बेंडाजोल और फाइलेरिया की दवा खाने से दो दर्जन स्कूली बच्चें बीमार

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिला के मधुबन प्रखंड के एक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल के साथ फाइलेरिया की दवा खाने से उनकी तबीयत बिगड़ गई. घटना के बाद विद्यार्थियों के अभिभावकों ने हंगामा शुरू कर दिया। अभिभावकों द्वारा शिक्षकों को बंधक बना लिए जाने की बात बतायी जा रही है. सूचना पर मेडिकल टीम विद्यालय पहुंची. मेडिकल टीम ने आनन-फानन में सभी बीमार छात्र-छात्राओं को मधुबन सीएचसी में भर्ती कराया. जहां इलाज के बाद बच्चें के स्वास्थ्य में सुधार हुआ। घटना मधुबन प्रखंड के कोईलहरा मठ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय हिंदी की है। दरअसल, जिला में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत हुई है. जिसके तहत जिला के सभी विद्यालयों में रोस्टर के अनुसार छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल और डीसी फोर्ट की दवा खिलाई जा रही है।




मधुबन प्रखंड के कोईलहरा मठ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों को सोमवार को यही दवाएं खिलाई गई. बच्चों की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलने पर मेडिकल टीम विद्यालय पहुंची। जिसकी जानकारी मिलने के बाद बच्चों के अभिभावकों ने हंगामा शुरू कर दिया. अफरा-तफरी के बीच मेडिकल टीम सभी बीमार बच्चों को लेकर मधुबन सीएचसी पहुंची. जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. इंद्रजीत कुमार के साथ डा. अविनाश कुमार ने बच्चों का इलाज शुरू किया। जिससे स्वास्थ्य में सुधार होने लगा और सभी बच्चे अभी ठीक हैं। बीमार हुए बच्चों में अंशु कुमारी, अदिति कुमारी, ज्योति कुमारी, साहिदा खातून, लाडली प्रवीण, कुसमुन खातून, आन्या प्रवीण,सान्या रानी, रंजन कुमार, सांई राजा,नबी हसन,आरबाज आलम और कुदुस आलम समेत कई विद्यार्थियों का इलाज किया गया।

### मोतिहारीः जिला अधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी ने की निजी विद्यालयों शिक्षा विभाग के प्राचार्यों एवं संचालकों के साथ समीक्षा बैठक

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** दिनांक 10.02.2025 को अपराह्न 04:30 बजे मोतिहारी जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभा भवन में निजी विद्यालयों (शिक्षा विभाग) के संचालकों/प्राचार्यों के साथ एएपीएआर आईडी निर्माण से संबंधित समीक्षा बैठक आहुत की गयी। उक्त बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना),जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान),जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (पीएमपीवाई), एम०आई०सी० प्रभारी, डी०पी०एम० (आईसीटी) एवं संभाग प्रभारी (आरटीई) बिहार शिक्षा परियोजना पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी



उपस्थित हुए। बैठक में सर्व प्रथम जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। एएपीएआर आईडी निर्माण में शिथिलता बरतने वाले निजी विद्यालय संचालकों / प्राचार्यों द्वारा एएपीएआर आईडी निर्माण में होने वाले समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। संबंधित निजी विद्यालयों के संचालकों एवं प्राचार्यों को प्रखंड कार्यालय से समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र एएपीएआर आईडी निर्माण कराये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया। इसके लिए सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, निजी विद्यालयों की बैठक आहूत कर एएपीएआर आईडी निर्माण में तेजी लायेंगे। प्रखंड स्तर पर किसी समस्या हेतु जिला कार्यालय को संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अवगत करायेंगे। इसके अतिरिक्त ज्ञान दीप पोर्टल पर आरटीई के तहत् बच्चों के नामांकन हेतु नामांकन की तिथि विस्तार करने के लिए राज्य कार्यालय से अनुरोध पत्र देने हेतु जिलाधिकारी द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी,पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को निर्देशित किया गया।

### बिहार के भ्रष्ट एवम निरंकुश शासन तथा परिवारवाद में डूबी हुई सभी पार्टियों के बिहार से राजनीतिक अस्तित्व को खत्म करने के लिए सम्पूर्ण बिहार की जनता संकल्पित हो चुकी : एमएलसी अफाक अहमद

लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

बेतिया जनसुराज पार्टी के पश्चिम चंपारण संगठन के पदाधिकारियों तथा चारो संगठन जिला के पदाधिकारियों का एक अहम बैठक आज पार्टी के जिला मुख्यालय के कार्यालय में जिला अध्यक्ष एजाज हुसैन के अध्यक्षता में किया गया ' इस बैठक में सभी पदाधिकारियों से विचार विमर्श के पश्चात् निर्णय लिया गया की प्रत्येक प्रखंड में चार- चार जिला स्तरीय पदाधिकारियों को प्रभारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा जो अपने प्रभार क्षेत्र के प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ मिलकर पंचायत स्तर तथा बूथ स्तर के संगठन को मजबूत करेंगे और जनसुराज पार्टी के विचार धारा को हर घर में पहुंचाएंगे ' इस बैठक में सभी संगठन पदाधिकारियों का कहना था कि पश्चिम चंपारण जिला जनसुराज पार्टी के विधान सभा चुने में निर्णायक जिला साबित होगी और इस जिला में जनसुराज पार्टी 9 के 9 सीट जीतेगी,क्योंकि इस जिला में जनसुराज पार्टी की सीधी लड़ाई बीजेपी विकासहीन विधायको तथा जनसुराज के निष्ठावान एवम जनसेवक प्रत्यासी के बीच होगी ' उपरोक्त जानकारी जिला मुख्य प्रवक्ता इंजीनियर सिकंदर चंद्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिए ' जिला अध्यक्ष एजाज हुसैन तथा संगठन महासचिव सचिंद्र पाण्डेय ने सभी संगठन पदाधिकारियों को संबोधन करते हुए संयुक्त रूप कहें की पश्चिम चंपारण जिला जनसुराज पार्टी तथा आदरणीय प्रशांत किशोर जी के सोच को सम्पूर्ण बिहार में मजबूत करने के लिए मुख्य कड़ी है इस लिए अब हर एक कार्यक्रम को प्रशांत किशोर बनकर जनता के बीच जाने की जरूरत है और बिहार के बेहतर भविष्य के लिए जनसुराज के योजना को बताने के समय है ' वही जिला संयोजक कृष्ण कुमार बिंद,संगठन जिला के संयोजक काशी बैठक, महातम बिंद ने संयुक्त रूप से कहें कि सभी कार्यकर्ताओं को हर एक



गांव और कस्बा में जनसंवाद आयोजन करना होगा क्योंकि जनसुराज की मुख्य ताकत जनसंवाद ही है ' जनसुराज के वरीय नेता अनिल सिंह,कुंदन पांडे,प्रदेश महासचिव नंदकिशोर कुशवाहा तथा वरीय नेत्री डा.अर्चना बाला ने संयुक्त रूप से सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहें की बिहार के वर्तमान भ्रष्ट एवम अंग्रेजी हुकूमत जैसी सरकार को उखाड़ फेंकने तथा परिवारवाद की राजनीति से बिहार के जनता को निजात दिलाने के सबसे बेहतर मौका है जिसे हमलोग को मजबूत कंधा प्रशांत किशोर जी के साथ लगाने की जरूरत है ' जिला महिला अध्यक्ष मधु देवी तथा बेतिया संगठन जिला महिला अध्यक्ष नीतू शाही, नरकटियागंज संगठन महिला अध्यक्ष रीना देवी ने कही की जनसुराज एक ऐसी पार्टी है जिसमे महिलाओं को स्वतंत्र तथा पूर्णरूपेण राजनीतिक भागीदारी पुरुष के समान मिल रही है इस लिए अब बिहार के हर एक समाज के शिक्षित तथा समाजसेवी महिला को जनसुराज के साथ जुड़कर नारीशक्ति को मजबूत करने की आवश्यकता है ' आज के इस बैठक में कार्यालय प्रभारी अरविंद मिश्रा ने सभी पदाधिकारियों से कहें की यदि आप सभी को किसी भी प्रकार के प्रचार संबंधी सामग्री की आवश्यकता पड़ती है तो आप लोग निश्चित जिला मुख्यालय में हमे सूचित करेंगे लिखित रूप और आपको ससमय सामग्री उपलब्ध कराने के कोशिश की जायेगी ' पश्चिम चंपारण युवा अध्यक्ष राजकिशोर चौधरी,बेतिया संगठन जिला युवा अध्यक्ष गौरव मिश्रा,उपाध्यक्ष इस्तेयाक शोला,नरकटियागंज युवा उपाध्यक्ष अभिनंदन कुमार, तथा जिला सचिव जावेद अख्तर ने संयुक्त रूप कहें की बिहार के राजनीति में युवाओं अभी तक सभी पार्टियों ने सिर्फ और सिर्फ ठगने और शोषण करने का काम की है लेकिन जनसुराज इकलौती ऐसी पार्टी बनी है जो युवाओं के राजनीतिक भागीदारी को प्रबलता से सुनिश्चित की है ' प्रदेश युवा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राम,प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य किशोर कुशवाहा,ओम ठाकुर,नागमणि कुमार ने संयुक्त रूप से कहें की बिहार सरकार को डोमिसाइल नीति को बिहार में लागू करना होगा क्योंकि बिहार के युवाओं के हकमारी किया जा रहा है जिसे कतई बिहार के युवा बर्दास्त नही करेंगे ।

### सुरक्षित इंटरनेट दिवस-2025 के अवसर पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

जिलाधिकारी ने साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी। सुरक्षित इंटरनेट दिवस-2025 के अवसर पर आज एनआइसी सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ जिला पदाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला में जिले के सभी आईटी असिस्टेंट सहित समाहरणालय आदि के कार्यपालक सहायक सम्मिलित हुए। कार्यशाला में साइबर सुरक्षा को लेकर कई अहम जानकारियां साझा की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज इंटरनेट की अहमियत काफी बढ़ गयी है।



इंटरनेट का सदुपयोग कर बहुत सारे लोग आगे बढ़ रहे हैं। वहीं कुछ लोगों द्वारा इंटरनेट का दुरूपयोग भी किया जा रहा है। साइबर अपराधी इंटरनेट के माध्यम से लोगों को साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट, बैंक ऑफर, क्रेडिट कार्ड और बीमा योजनाओं का लालच देकर ठगी कर रहे हैं। हम सभी को सुरक्षित तरीके से इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। इस संबंध में समय-समय पर विभागीय दिशा-निर्देश जारी होते रहते हैं, जिसका अक्षरशः अनुपालन करना चाहिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सुरक्षा के लिए कई अन्य महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिला सूचना-विज्ञान पदाधिकारी अभिषेक कुमार मिश्र के द्वारा मुख्य वक्ता के रूप में इंटरनेट का सरकारी विभागों एवं जनमानस सुरक्षित उपयोग के तरीकों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

## संक्षिप्त खबरें

## गौनाहा : ओजेंद्र कुमार बने जदयू के अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव




**गौनाहा ।** प्रखंड जनता दल यूनाइटेड अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र उराव ने प्रदेश कार्यालय में पश्चिमी चंपारण जिले के लिए जुझारू एवं संघर्षशील कार्यकर्ता ओजेंद्र कुमार को प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। इधर ओजेंद्र कुमार के प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनयन से जिले के जदयू कार्यकर्ताओं में खुशी देखी जा रही है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इनके मनोनयन से पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी। इधर जदयू के बिक्रमा चौधरी, सूरज सहनी, बाल्मिकी प्रसाद, महेश्वर काजी, प्रेमचंद्र काजी आदि ने ओजेन्द्र को अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बनने पर बधाई देते हुए कहा कि इनके मनोनयन से पार्टी मजबूत होगी। दलित महादलित व थारू आदिवासी लोगों में इनकी एक अलग पहचान है। जिसका लाभ पार्टी को मिलेगा। वही प्रदेश महासचिव बनने के बाद ओजेंद्र कुमार ने संगठन कि मजबूती और पार्टी के विचार धारा को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। वही आगे उन्होंने विकाश पुरूष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र उराव को धन्यवाद दिया।

## पत्रकार आशुतोष रंजन की शव यात्रा निकली, विकास माली ने दिया कंधा



**गया ।** जिले के बिंदास न्यूज के दिवंगत पत्रकार आशुतोष रंजन की अंतिम यात्रा मंगलवार सुबह 10 बजे निकाली गई। इस दौरान जिले के कई पत्रकार, समाजसेवी, प्रतिष्ठित लोग और ग्रामीण उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे।शव यात्रा में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली भी शामिल हुए हैं। लोगों ने आशुतोष रंजन के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जब शव यात्रा आगे बढ़ी, तो विकास माली ने भी कंधा देकर दिवंगत आत्मा को सम्मान दिया है।गौरतलब है कि जिले में अपनी निष्पक्ष पत्रकारिता से अलग पहचान बनाने वाले आशुतोष रंजन का सोमवार शाम 5 बजे आकस्मिक निधन हो गया था। वे पेट दर्द से पीड़ित थे और परमेश्वरी नर्सिंग होम में उनका इलाज चल रहा था। हालत बिगड़ने पर उन्हें रांची राज हॉस्पिटल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनका निधन हो गया है।सूत्रों के अनुसार, पहले उनके पेट का भेलौर में ऑपरेशन हुआ था, जिसमें एक पाइप डाला गया था। संभवतः उसी के संक्रमण के कारण यह घटना घटी है।उनके निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। परिवार के लोग गहरे सदमे में हैं और उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

# बंचहरी पैक्स के किसानों को नुक्कड़ नाटक कर किया गया जागरूक

### चंपारण जिला के सभी पंचायतों के पैक्स में किसान सहकारिता चौपाल लगाकर किसानों को जागरूक किया जा रहा

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** प्रखंड बगहा एक के पंचायत राज बंचहरी के पैक्स अध्यक्ष विश्वविजय सिंह उर्फ नन्हें सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को जागरूक किया गया।इस दौरान बगहा सहकारिता अधिकारी पूरण शर्मा ने बताया कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नई कृषि क्रांति पर आधारित बिहार सरकार ने कृषि को बेहतर तरीके से अधिक ऊपज करने के लिए किसानों को विस्तृत जानकारी दिया जा रहा है। साथ ही किसानों के शोषण को रोकने तथा उनका अधिकार शत प्रतिशत दिया जाय। वहीं किसानों के मोटा धान की खरीद 23 सौ रुपए तथा महीन धान का खरीद 23सौ 20रूपये पैक्स में खरीदा जाएगा। वहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर के किसानों को बेहतर भविष्य उज्वल बनाने के लिए प्रत्येक पंचायतों में सहकारिता बैंक का खोलना जिसमें सावधि, नकद जमावधि तथा किसानों को लोन देने की व्यवस्था है। किसान को दर्जनों प्रकार के सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। जिसमें प्रमुख रूप से फसल बीमा योजना अनिवार्य है। जिसमें किसानों का फसल क्षति की पूर्ति सरकार देगी। किसानों को सभी प्रकार के फसलों पर फसल बीमा जरूर कराना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि पैक्स में सदस्य बनने के लिए किसानों को 2फोटो, आधार कार्ड का फोटो, 11रूपये नकद ऑन लाइन कर किसान सहकारिता पैक्स के सदस्य बन सकते हैं। वहीं किसानों को खेती किसानी करने के लिए ट्रेक्टर ट्रॉली अन्य उपकरण के लिए 15लाख तक का लोन दिया जाएगा। जिसमें 50प्रतिशत की छूट होगी। वहीं किसानों को केसीसी लोन 4प्रतिशत ब्याज के दर से दिया जाएगा। साथ ही किसानों को सरकारी योजनाओं को बेहतर तरीके से लाभ देने के लिए भारत सरकार तथा बिहार सरकार तत्पर है। इस दौरान शिवप्रताप सिंह, रामचंद्र सिंह, रत्नेश कुमार सिंह, प्रमोद पांडेय, अमरेश्वर सिंह, पवन जायसवाल, सुनील सिंह, मलूक तिवारी, विकास पटेल, बैरिस्टर सिंह, झिनका सिंह, अदालत यादव विवेक यादव वीरेंद्र सिंह, गया साह, रमेश साह सहित सैकड़ों की संख्या में किसान नुक्कड़ नाटक में शामिल रहे।



## जयनगर से पटना जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन के पहिये मे ब्रेक बाइंडिंग में समस्या आने पर धुआं और चिंगारी उठने लगती



लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर।** सोनपुर रेल मंडल के खुदीराम बोस पूसा रेलवे स्टेशन और दुबहा रेलवे स्टेशन के बीच मंगलवार को करीब 10 बजे ट्रेन नंबर 15549 जयनगर से पटना जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन के पहिये से अचानक चिंगारी के साथ जोरो का धुआं उठने लगा। धुंआ उठता देख ट्रेन के यात्री हल्ला करने लगें। बाद में चालक ने सूझ बूझ का परिचय देते हुए आपात स्थिति में ट्रेन को रोक दिया। ट्रेन रुकते ही सैकड़ो यात्री ट्रेन से कूदने लगे जिस वजह से कुछ यात्रियों को चोटें भी पहुँची। बाद में ट्रेन को किसी तरह दुबहा स्टेशन ले जाया गया। इधर मामले की जानकारी मिलते ही रेल पुलिस के जवान और यांत्रिक विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा ब्रेक बाइंडिंग की समस्या को दूर किया। समस्या का निदान होने के उपरांत यात्रियों ने राहत की सांस ली और ट्रेन को दुबहा स्टेशन से रवाना किया गया। पुसा स्टेशन से जुड़े रेल पुलिस की मानें तो ट्रेन के कोच वाले चक्के में लगे ब्रेक बाइंडिंग में समस्या आने पर धुआं और चिंगारी उठने लगती हैं। रेल पुलिस के अनुसार दुबहा स्टेशन पर इंटरसिटी ट्रेन लगभग 10.54 में पहुँची तथा समस्या को दूर कर उसे वहां से 11.35 में रवाना कर दिया गया। इस वजह से करीब 41 मिनट ट्रेन रुकी रही।

## तीन शराबी और एक शराब कारोबारी गिरफ्तार

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

नगर पंचायत स्थित चीनी मिल के पीछे से लौरिया पुलिस ने चार शराबीयो को गिरफ्तार श्रकर जेल भेज दिया है. वही नगर पंचायत के पडरौन ने एक शराब कारोबारी को दस लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.। इस सम्बंध मे थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि रामबाबू शर्मा पिता फैदार शर्मा 45ग्राम पुंदर बाजितपुर थाना मधुबन नुरमहम्मद पिता आस मोहम्मद साकीन बेदीबन थाना पिपरा 28वर्ष धर्मवीर कुमार पिता पतिराम सहनी घय चकनिया थाना पिपरा चौतीस वर्ष तीनो जिला पुर्वी चम्पारण को पावर हाऊस के पास हंगामा करते हुये झुमते हुये जा रहे थे पुलिस ने जांच के बाद शराब पीने की पुष्टी के बाद जेल भेज दिया। उन्होने बताया कि वही बगल के गांव पडरौन से ही दस लीटर चुलाई शराब के साथ पुलिस ने बिनोद घांगड के पुत्र सुरज कुमार को गिरफ्तार किया है।

## गौनाहा प्रखंड में खाली पड़े 45 डीलरों की होगी बहाली: एमओ




लोकतंत्र की आवाज

- जल्द ही प्रकाशित होगी कोटीवार विज्ञप्ति

**गौनाहा ।** प्रखंड के 18 पंचायत में खाली पड़े 45 जन वितरण दुकानदारों की सूची जल्द ही प्रकाशित की जाएगी ताकि वहां डीलरो की बहाली कर राशन का वितरण किया जा सके। एमओ प्रदीप कुमार ने बताया कि जिला से हरी झंडी मिलते हैं पंचायतवार कोटि के अनुसार रिक्ति प्रकाशित कर दी जाएगी ताकि पंचायतवार कोटी के अनुसार बहाली की जा सके। उन्होंने बताया कि संभवत 17 फरवरी तक रिक्ति का प्रकाशन कर दिया जाएगा। आवेदक को कंप्यूटर का प्रमाण पत्र तथा शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा। उच्च शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।

## गया के डी एस पी ने भागलपुर कोर्ट में किया आत्म समर्पण

लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** भागलपुर की प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लवकुश कुमार की अदालत ने दुष्कर्म के आरोपित, गया में तैनात मुख्यालय डीएसपी सोमेश कुमार मिश्रा को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। डीएसपी मिश्रा कई बार कोर्ट की सुनवाइयों में अनुपस्थित रहे थे, जिसके चलते उनका बेल बॉन्ड कैंसिल कर दिया गया था और वारंट जारी हुआ था। मंगलवार को डीएसपी सोमेश ने भागलपुर न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। सुनवाई के दौरान उन्होंने अपनी अनुपस्थिति का कारण बताया कि पितृपक्ष मेले में ड्यूटी होने के कारण वे उपस्थित नहीं हो सके। हालांकि, न्यायालय ने इस दलील को अस्वीकार करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया 2020 में भागलपुर महिला थाने में एक करीबी युवती ने डीएसपी सोमेश मिश्रा के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। पीड़िता का आरोप था कि डीएसपी ने उसे ब्लैकमेल करके कई बार यौन शोषण किया। इसके बाद डीएसपी को झारखंड के साहेबगंज से गिरफ्तार किया गया था। जांच के बाद उनके खिलाफ आरोप साबित हुआ, जिसके चलते पुलिस मुख्यालय ने उन्हें निलंबित कर दिया था। पीड़िता ने बताया कि जब सोमेश दिल्ली में तैनात थे, तब उन्होंने उसे दिल्ली बुलाकर दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। उसी वीडियो के सहारे वे उसे ब्लैकमेल करते रहे। पीड़िता की शादी होने के बाद भी सोमेश उसे धमकी देने के लिए पहुंच गए थे। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इस केस में आरोप गठन की प्रक्रिया 17 फरवरी 2025 को पूरी की जाएगी। कोर्ट ने डीएसपी के बेल बॉन्ड को पहले ही कैंसिल कर दिया था और अब उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



# फर्जी जमीन दिखाकर ग्रामीण से ऐंठे लाखों रुपया, पैसा माँगने पर दिया जा रहा है जान मारने की धमकी

लोक तंत्र कीआवाज



**रजौली।** मंगलवार को रजौली में फर्जी जमीन दिखा कर लाखों रुपया ऐंठने का मामला प्रकाश में आया है।इस संबंध में रजौली के मलिकटोला निवासी निशांत कुमार ने थाने को दिए आवेदन में बताया कि मैं पार बाध में जमीन लेने के लिए विनय कुमार को साढ़े तीन लाख रुपया दिया और जब जमीन की रजिस्ट्री कराने की बात विनय कुमार से किया तो वह टालमटोल करने लगा।उसके बाद मेरे द्वारा उक्त भूमि को केवाला के लिए निबंधन कार्यालय में जब चालान जमा कराया तो जमीन बिक्रेता विनय कुमार के द्वारा निबंधक पदाधिकारी को आवेदन देकर बताया गया कि रजौली मौजा टोला सिमरकोल थाना नंबर 184 खाता संख्या 1576 प्लॉट संख्या 3397 रकवा 0.94 डिसमिल पर घर बना हुआ है।जिसके बाद निबंधन कार्यालय द्वारा मेरा केवाला नही किया गया।जबकि विनय कुमार और मुंशी संजय कुमार सिन्हा के द्वारा परती जमीन पर फोटो खींचा था।ऐसे में मेरे साथ विनय कुमार के द्वारा साढ़े तीन लाख रुपया का फर्जीवाड़ा कर लिया गया है और जब मैं जमीन बिक्रेता विनय कुमार से पैसा की माँग करता हूँ तो मुझे झूठे मुकदमे में फसाने और जान मारने की धमकी देता है।साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले को लेकर मैं कमिश्नर गया और नवादा डीएम, एसपी रजौली एसडीओ, एसडीपीओ और थाना रजौली को पत्र भेज कर न्याय की गुहार लगाया हूँ।थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।जो भी दोषी होगा उसे पर कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाइ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** भाजपा कार्यालय बगहा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि जिलाध्यक्ष अचिंत्य कुमार लल्ला उर्फ रामेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में मनाई गई।जिलाध्यक्ष अचिंत्य कुमार लल्ला ने दीनदयाल के त्याग एवं समर्पण पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। वही सभी वक्ताओं ने अपने अपने सम्बोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का प्राण लिया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतीश वर्मा जिला उपाध्यक्ष हृदय दुबे, जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रितु जायसवाल, नंदकिशोर राम, सोमेश पांडेय, प्रमोद राम, सुजीत सिंह, नागेंद्र साहनी, विजय साहू, शैलेश दुबे आदि मौजूद रहे।



## सिरदला: पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला नवादा।** सिरदला प्रखंड के लौंन्द मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के तैलिया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों और उनके आदर्शों को याद किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था, कि समाज के सबसे गरीब और वांछित व्यक्ति का उत्थान होना चाहिए। उनके विचारों के सम्मान में उनकी जयंती को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सरकार विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से गरीबों और वंचितों के उत्थान के लिए प्रयास करती है। तथा उनकी पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# धूमधाम से मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का पुण्यतिथि

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** नगर क्षेत्र के बजरंगबली चौक स्थित भाजपा कार्यालय में मंगलवार को भाजपा परिजनों ने अपने मार्गदर्शन, प्रेरक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि बड़े धूमधाम से उनके तैलीय चित्र पे पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया। मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि पार्टी दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाती है। हम सब दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पे अमल कर चलने का संकल्प लिया। साथ ही परिवारजनों से निवेदन किया कि हम सभी रजौली भाजपा परिवार मिलकर, एकजुटता, तन्मयता के साथ सबों का साथ, आर्शीवाद लेकर अपने संगठन को और सशक्त मजबूत बनाने हेतु बूथ लेवल पर निरंतरता के साथ कार्य करेगे। वही निवर्तमान मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि एकात्म मानववाद व अंत्योदय के प्रणेता थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय, उनके पदचिन्ह पर चलकर पार्टी के लिए एकता के साथ कार्य करना है। और उनके सोच को आम अवाम तक पहचान है। वही उन्होंने कहा कि आज हम सभी रजौली भाजपा परिवार बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं विकसित नवादा के नायक, विकसित नवादा के संकल्प को साकार करने वाले सांसद विवेक ठाकुर के ईमानदारी पूर्वक प्रयास से नवादा जिला को विशेष सौगात चौथे फेज के कार्यक्रम के मद्देनजर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन पर नवादा वासियों, रजौली वासियों को मिला है। इस सौगात में अहम योगदान अपने नवादा के विकास के नायक सांसद विवेक ठाकुर का रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश के आर्शीवाद एवं सांसद विवेक ठाकुर के कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदारी पूर्वक

### एकात्म मानववाद व अंत्योदय के प्रणेता थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय:गगन



प्रयास से इसी तरह त्वरित गति से अपना नवादा, रजौली हर क्षेत्र में विकास की दिशा में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम के मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह जिला प्रवक्ता प्रमोद कुमार, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी, प्रोफेसर सुरेन्द्र कुमार चौधरी, सिरदला मंडल अध्यक्ष रामबिलास वर्मा, मनोज राजवंशी, राकेश कुमार, विनोद कुमार पप्पु, नीरज कुमार मंटू, नवीन कंधवे, देवेन्द्र प्रसाद दीवान, धनंजय कुमार धन्नू, अमन कुमार, प्रमोद कुमार, धीरेन्द्र राय, अशोक साव, सीताराम प्रसाद, दीपक कुमार दीपू, गौरव कुमार, शंपू सिंह, रामबालक यादव, संतोष कुमार, उमेश मिस्त्री, राजेश सिंह, उपेन्द्र राजवंशी सहित दर्जनों रजौली भाजपा परिवार उपस्थित थे।

## समस्तीपुर : पशु तस्करी का युवकों ने किया भंडाफोड़, एक ट्रक से 31 पशु बरामद

लोकतंत्र की आवाज

**रामजी कुमार**

**समस्तीपुर।** दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के एनएच 28 के पगड़ा पुल के पास सामाजिक संगठन जय महाकाल दल से जुड़े कुछ युवकों ने पशु तस्करी का भंडाफोड़ किया है। युवकों ने एक ट्रक पर तस्करी के लिए जा रहे 31 पशु (सांढ) को मुक्त कराया। इस दौरान पशु तस्कर के गिरोह के द्वारा युवकों पर फायरिंग करने की बात बताई गई। महाकाल दल से जुड़े सोनू सिंह राजपूत और बीजेपी के रंजय राजू ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि दो ट्रकों पर 80 से अधिक पशुओं को तस्कर बंगाल ले जा रहे है। इसी सूचना की पुष्टि के लिए संगठन से जुड़े युवाओं की एक टीम के साथ एनएच 28 पगड़ा पुल के पास संबंधित ट्रक की खोज कर रहे थे। इसी दौरान सूचना के अनुसार दो ट्रक पर पशु तस्कर पशु को ले जा रहे थे। जब ट्रक रोकने का प्रयास किया तो पशु तस्करों ने फायरिंग किया और एक ट्रक को लेकर भाग निकले। लेकिन हम लोगों ने भी हिम्मत दिखाते हुए दूसरे ट्रक को घेर लिया। लेकिन ट्रक चालक और तस्कर ट्रक छोड़ कर फरार हो गया। वही पुलिस पदाधिकारी को सूचित करते हुए ट्रक पर तस्करी के ले जारी रही सभी पशु को सुरक्षित रखा गया है। सभी पशु को स्थानीय गौशाला में सुरक्षित रखा जाएगा। आवेदन देते हुए सोनू सिंह राजपूत ने बताया कि सूचना मिली थी कि तीन ट्रक पर पशु तस्कर पशु लादकर बरौनी कि ओर ले जा रहे है। सूचना पर सभी कार्यकर्ताओं को बुला कर एनएच 28 पर रात्रि 3 बजे ट्रक को ट्रक को रोकने का प्रयास किया तो दो ट्रक वाला फायरिंग करते हुए भाग गया। एक ट्रक वाला को जब हमलोगो ने घेरा तो अधेरे का फायदा उठा तस्कर फरार हो गया। ट्रक नंबर बीआर 29 जीए 1111 को पकड़ लिया। जो थाना कि मदद से पकड़ कर लाया गया। ट्रक पर 31 पशु था। वही थानाध्यक्ष मो इरशाद आलम ने बताया कि महाकाल दल के सोनू सिंह राजपूत के द्वारा आवेदन दिया गया है जिसपर अनुसंधान करते हुए आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मद्य निषेध मंत्री ने किया दीदी अधिकार केंद्र का शुभारंभ




लोकतंत्र की आवाज
सोनवर्षा राज सहरसा संवादाता। बिहार सरकार के मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग मंत्री रत्नेश सादा जिलाधिकारी वैभव चौधरी द्वारा प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई, सोनवर्षा से संबंधित जनसेवा जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, द्वारा संचालित दीदी अधिकार केंद्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त अवसर पर मंत्री एवं जिलाधिकारी संदर्भित संस्था के द्वारा किए जाने वाले कार्यों से अवगत हुए। मंत्री श्री सादा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सुशासन की सरकार में महिलाओ के उत्थान के लिए अनेकानेक प्रयास किए जा रहे है। आज महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में अपने बुलंदियों को प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन रही है। जीविका के द्वारा अधिक से अधिक महिलाओ को स्व रोजगार सृजन के क्षेत्र मे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वही सरकार द्वारा बिना ब्याज ऋण दिलाकर आर्थिक विकास के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक सदर सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### वित्तीय वर्ष में लक्ष्य 129 के विरुद्ध 127 की स्वीकृति : मुकेश



लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता।प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत बैंको को कुल 129 लक्ष्य वितीय वर्ष 2024-25 के लिए दिए गए थे जिसके विरुद्ध कुल 708 आवेदन भेजे गए उनमे से 127 ऋण की स्वीकृति दी गई है जिनमे से 67 का भुगतान कर दिया गया है । उद्योग विभाग के जीएम मुकेश कुमार ने बताया कि उद्योग विभाग अनवरत लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का शत प्रतिशत कोशिश कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत बैंकों को 220 का लक्ष्य दिया गया था जिसके विरुद्ध कुल 1208 आवेदन भेजे गए थे जिनमे से 157 आवेदनों के ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई जबकि उनमे से मात्र 67 का भुगतान किया गया।

### एलएनएमयू के प्रोफेसर और शोधार्थियों ने की यूआर कॉलेज के प्रधानाचार्य से शिष्टाचार मुलाकात



लोक तंत्र कीआवाज
रोसड़ा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मुनेश्वर यादव, उपाचार्य डॉ. जय कुमार झा, सहायक प्राध्यापक रघुवीर कुमार रंजन और शोधार्थियों ने सोमवार की शाम यूआर कॉलेज, रोसड़ा में प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय से शिष्टाचार मुलाकात की। यह मुलाकात एक सौजन्य कार्यक्रम के तहत हुई, जिसमें शिक्षकों और शोधार्थियों ने डॉ. राय के साथ शैक्षिक और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इसके बाद, प्रोफेसर मुनेश्वर यादव और उनके सहयोगी डॉ. जय कुमार झा, रघुवीर कुमार रंजन के साथ रजौली, विभूतिपुर, समस्तीपुर में आयोजित एक रिसेप्शन पार्टी में भी शामिल हुए, जहां उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम से न केवल शैक्षिक संबंधों को मजबूत किया गया, बल्कि एक सामुदायिक सहयोग और सामाजिक जुड़ाव की मिसाल भी पेश की गई।

### सैयद शाहनवाज हुसैन ने देवानंद मंडल के निधन पर व्यक्त की गहरी संवेदना



लोक तंत्र कीआवाज
अररिया । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने वरीय भाजपा नेता, पूर्व सांसद प्रतिनिधि और पूर्व जिला परिषद सदस्य देवानंद मंडल के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि "अररिया के वरिष्ठ और समर्पित भाजपा कार्यकर्ता, जो मेरे सांसद प्रतिनिधि भी रहे, देवानंद मंडल जी के निधन की खबर से मुझे बहुत दुख हुआ। उनका जाना अररिया भाजपा के साथ-साथ मेरी व्यक्तिगत क्षति भी है। इस असीम दुख की घड़ी में मैं उनके परिवार से गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। दिवंगत पुण्यात्मा को शांति मिले।इधर, शोक व्यक्त करने वालों में जोकीहाट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे रंजीत यादव ने भी देवानंद मंडल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, "वे भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता थे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम पप्पू और अररिया विधानसभा सीट से जद यू प्रत्याशी रही शगुफ्ता अजीम ने भी देवानंद मंडल के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना जताई। सभी नेताओं ने दिवंगत देवानंद मंडल के योगदान को याद किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# बंगाली बाजार आरओबी निर्माण पर हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** शहर के बहुप्रतीक्षित बंगाली बाजार रेलवे ओवरब्रिज आरओबी के निर्माण को लेकर पटना हाई कोर्ट ने आज ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि इस पुल का 30 वर्षों तक लंबित रहना आश्चर्यजनक है और साथ ही पुल निर्माण में बाधा डालने वाली तीनों रिट याचिकाओं को खारिज कर दिया। इस फैसले का स्वागत नवनिर्माण मंच के संस्थापक, जन सुराज पार्टी के प्रदेश महासचिव सह पूर्व विधायक किशोर कुमार और प्रतिवादी दीपक पोद्दार ने किया। उन्होंने कहा कि यह सहरसा की जनता की जीत है। जो तीन दशकों से इस पुल के निर्माण और जाम से निजात पाने के लिए संघर्ष कर रही थी। इस मुद्दे को लेकर कई बार धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किए गए थे। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब आरओबी के निर्माण का मार्ग पूरी तरह से प्रशस्त हो गया है।

आज पटना हाई कोर्ट में कार्यकारी चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में हुई सुनवाई के दौरान पेटिशनर के अधिवक्ता ने भूमि अधिग्रहण और मुआवजे से जुड़े मुद्दों को उठाया, जिसे कोर्ट ने निराधार बताया। इसके बाद अधिवक्ता ने फिर से सुनवाई की अपील की, लेकिन कोर्ट ने इसे रिजनेबल ग्राउंड न होने का हवाला देते हुए खारिज कर दिया। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि पुल निर्माण पर रोक लगाने की साजिश करने वालों ने कोर्ट को भ्रमित करने और मामले को उलझाने की पूरी कोशिश की, लेकिन न्यायालय ने उनकी सभी दलीलों को खारिज कर दिया। पूर्व विधायक किशोर कुमार ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि स्थानीय सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों ने अपने निजी स्वार्थ के लिए पुल निर्माण में अड़ंगा लगाने की हर संभव कोशिश की। उन्होंने कहा कार्यकारी मुख्यन्यायाधीश ने आश्चर्य व्यक्त करते कहा कि एक पुल को बनाने में इतना समय लग गया। यह सरकार और विभाग पर करारा चोट है। उन्होंने खुलासा किया कि पुल के निर्माण को अधर में लटकाने के पीछे एक माननीय विधायक का भी हाथ रहा, जिनकी दुकान पिलर संख्या 27/28 के पास स्थित है। निजी स्वार्थ में अपने दुकान को बचाने के लिए मंत्री रहते हुए भी उन्होंने पुल निर्माण को लेकर कोई पहल नहीं की और हमेशा परदे के पीछे से इसे रोकने की साजिश रचते रहे।

किशोर कुमार ने बताया कि विगत 4 फरवरी को ही कुछ लोग पुल निर्माण का श्रेय लेने की होड़ में लगे थे। जबकि हाई कोर्ट ने आज अपना फैसला सुनाया है। वे इतने निर्लज्ज है कि वे कह रहे है कि जो 4 फरवरी को फैसला आया वही आज आया। यह सरासर झूठ और न्यायालय का अवमानना है। उन्होंने कहा कि हमने न्यायालय में मजबूत पैरवी की, जिसकी वजह से यह साजिश विफल हो गई और सहरसा की जनता को न्याय मिला। किशोर कुमार ने कहा कि इस पुल के निर्माण को लेकर उन्होंने और उनकी टीम ने मुख्यमंत्री, जिला अधिकारी, मंडल आयुक्त, विभागीय सचिव, रेल मंत्री, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक पत्र भेजे थे। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि अब भी हमें सतर्क रहना होगा ताकि पुल निर्माण में कोई और बाधा उत्पन्न न हो और सहरसा को जाम से हमेशा के लिए निजात मिल सके। पूर्व विधायक किशोर कुमार ने इस सफलता को जनता की जीत करार दिया और न्यायालय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जब तक पुल पूरी तरह से बनकर तैयार नहीं हो जाता। तब तक वे और सहरसा की जनता के साथ मिलकर ध्यान रखेंगे। वरीय अधिवक्ता संजय कुमार सिंह, अशोक द्विवेदी, अमित कुमार सिंह ने पुल निर्माण के पक्ष में बहस किया।

# नगर निगम आयुक्त ने होटल राज दरबार के मालिक को किया नोटिस




लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** नगर निगम सहरसा के आयुक्त अनुभूति श्रीवास्तव ने पत्रांक 292/ नगर निगम निगरानी वाद संख्या 01/2025 को लेकर सैयद शमसाद हसनैन उर्फ गुड्डु मीर टोला, वार्ड नं० - 07/38, होटल राज दरबार, थाना व जिला सहरसा दिनांक 08 फरवरी 2025/1 एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि परिवाद की अनन्य संख्या 99999010808244818511/ 510 के आलोक में स्थल जाँच के क्रम में नगर निगम द्वारा निम्नलिखित तथ्य पाए गए पहला आपके द्वारा बार-बार मांगे जाने के बाद भी होटल राजदरबार का नक्शा अवलोकनार्थ उपलब्ध नहीं कराया गया है, स्पष्ट करें कि उक्त भवन को अवैध क्यों नहीं घोषित किया जाए।

12 फीट चौड़ी गली में आप होटल एवं मैरेज हॉल जैसे व्यवसायिक कार्य कर रहे हैं। आप भवन के बेसमेंट में भी मैरेज हॉल कमरे एवं रेस्टोरेन्ट चला रहें हैं। होटल की पूर्वी चौहद्दी पर एक बड़ा व्यवसायिक किचन चलाया जा रहा है बिना एक इंच जगह छोड़े। भवन के तीन तरफ नगण्य सेट-बैक छोड़ा गया है। क्या भवन का नक्शा अग्निशमन विभाग से अनुमोदित है। 12 फीट की सड़क पर जी प्लस टू भवन ही स्वीकृत है परन्तु आपके द्वारा जी प्लस श्री भवन बना हुआ है। आपके द्वारा चलाए जा रहे होटल राज दरबार परिसर में पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। आपने आम रास्ते के उपर लोहे का फ्रेम बनाकर अतिक्रमण किया है एवं होटल का गंदा पानी सड़क पर गिराकर प्रदूषण किया जा रहा है। अतः आपको आदेश दिया जाता है कि दिनांक 11 फरवरी 2025 को 12:05 बजे अपराहन् में नगर निगम कार्यालय में सभी कागजात के साथ उपस्थित होकर निगरानी वाद की कार्यवाई में सहयोग करें। बरहाल नगर निगम में जांच के बाद पता चल सकेगा कि आखिड माजरा क्या है।

# प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**पतरघट सहरसा संवादाता।** बीआरसी पतरघट में सोमवार को प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेला 2025 आयोजित की गई। जिसका विधिवत उद्घाटन बीईओ जयकुमार यादव ने किया। बीईओ ने कहा उक्त टीएलएम मेला में 11 संकुल प्रतिभागी भाग लिया। जिसमें जिला स्तरीय टीएलएम मेला में सम्मिलित होने के लिए निर्णायक मंडल द्वारा प्रखंड क्षेत्र के एमएस कपसिया, एमएस घोघनपट्टी, एमएस किशनपुर, एमएस सबैला, एमएस गोलमा, एमएस पामा का चयन किया गया है। मौके पर लेखापाल सुनील कुमार, बीपीएम निशांत देव, बीआरपी बिनोद कुमार सिंह, राजेन्द्र यादव, सदानंद साह, बिजय नारायण सिंह, कंजन कुमारी, डाटा आपरेटर अनुभव कुमार सिंह, जावेद अंजुम, चंदन कुमार, हेडमास्टर राजीव कुमार सिंह, बंटी कुमार सिंह, मनोज कुमार मुन्ना, हसन इमाम, दीपक कुमार सिंह मौजूद थे।

# विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा का 12 फरवरी को छातापुर में बड़ा दौरा

लोक तंत्र कीआवाज



- शोक से लेकर क्रिकेट एवं धार्मिक आयोजनों तक, जनता के मुद्दों पर सीधा संवाद और कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी रणनीति की होगी चर्चा

**छातापुर।** विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा 12 फरवरी 2025 को छातापुर विधानसभा-45 क्षेत्र में महत्वपूर्ण दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे क्षेत्रवासियों से सीधे संवाद करेंगे, शोक आयोजनों में भाग लेंगे, और विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। श्री मिश्रा का यह दौरा न केवल पार्टी के स्थानीय मुद्दों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि क्षेत्रीय जनता के साथ एक मजबूत और सार्थक रिश्ता बनाने की दिशा में भी अहम कदम साबित होगा।

**सुबह की शुरुआत से संवेदनाओं तक:** श्री मिश्रा सुबह 10:30 बजे छातापुर विधानसभा के चुन्नी वार्ड संख्या-13 में अरुण झा जी की माता के श्राद्धकर्म में शामिल होंगे और शोकाकुल परिवार के साथ अपनी संवेदनाएँ व्यक्त करेंगे। इसके बाद, 11:30 बजे वे डहरिया चकला में उस परिवार से मुलाकात करेंगे, जिनकी दो वर्षीय मासूम बच्ची को ट्रैक्टर से कुचलकर असमय मौत हो गई थी। श्री मिश्रा उनके साथ शोक में शामिल होंगे और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन देंगे। दोपहर 12:30 बजे, श्री मिश्रा महम्मदगंज पंचायत में आयोजित संत रविदास जी की जयंती समारोह में शामिल होंगे और श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। दोपहर 2:00 बजे वे बसंतपुर प्रखंड के भीमनगर पंचायत के वार्ड संख्या-1 (रानीगंज) में स्थित कोशी गाइडलाइन बाँध के आसपास के ग्रामीणों से मुलाकात करेंगे, जहां वे स्थानीय समस्याओं पर ध्यान देंगे और उनके समाधान का प्रयास करेंगे।

**स्थानीय मुद्दों पर सीधा संवाद:** 2:45 बजे, भगवानपुर पंचायत के वार्ड संख्या-11 में दिवंगत संतोष सादा के शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना देंगे। फिर, 3:15 बजे सातनपट्टी पंचायत के ढाढा ग्राम में आयोजित स्व रामेश्वर सिंह स्मृति कप क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में पुरस्कार वितरण करेंगे, जो एक महत्वपूर्ण सामुदायिक कार्यक्रम होगा।

**जनसंवाद और कार्यकर्ताओं से बैठक:** शाम 4:30 बजे श्री मिश्रा भगवानपुर पंचायत के दुर्गा मंदिर साहेवान में जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वे क्षेत्रीय जनता से उनके मुद्दों पर सीधी बातचीत करेंगे और पार्टी के आगामी योजनाओं पर चर्चा करेंगे। संध्या 6:00 बजे, श्री मिश्रा बीरपुर नगर पंचायत के सप्तकोशी होटल में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

**दौरे का समापन:** श्री मिश्रा का रात 8:30 बजे बलुआ बाजार में अजय मिश्रा उर्फ रिंकू मिश्रा के यहाँ श्राद्धकर्म में शामिल होकर समाप्त होगा। इस दौरान वे शोक व्यक्त करेंगे और परिवार के साथ अपनी संवेदनाएँ साझा करेंगे। वीआईपी नेता संजीव मिश्रा का यह दौरा न केवल छातापुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के साथ उनके संबंधों को मजबूत करेगा, बल्कि यह क्षेत्रीय समस्याओं को हल करने और पार्टी के सामाजिक और राजनीतिक दायित्वों को पूरा करने की दिशा में एक सशक्त कदम होगा।

# हृदय रोग से ग्रसित आठ बच्चों को इलाज के लिए किया गया पटना हुए रवाना

लोक तंत्र कीआवाज



**अररिया ।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग ने हृदय रोग से ग्रसित 8 बच्चों को पटना स्थित इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान भेजा है। यहां इन बच्चों की जरूरी जांच की जाएगी, इसके बाद उन्हें गुजरात के अहमदाबाद स्थित सत्य श्री साई हृदय रोग संस्थान भेजा जाएगा, जहां उनका निःशुल्क इलाज होगा। इस इलाज के सारे खर्चे, जिसमें परिवहन खर्च भी शामिल है, बिहार सरकार द्वारा वहन किए जाएंगे।

जिला समन्वयक डॉ. प्रशांत कुमार झा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 0 से 18 साल तक के बच्चों के 38 तरह के रोगों का निःशुल्क इलाज किया जाता है, जिसमें हृदय रोग भी शामिल है। मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत हृदय रोगी बच्चों का उपचार आसानी से संभव हो रहा है। डीपीएम स्वास्थ्य संतोष कुमार ने बताया कि आरबीएसके टीम द्वारा बच्चों की पहचान कर, उन्हें बेहतर इलाज के लिए संस्थानों में भेजा जाता है, और इस प्रक्रिया के सभी खर्चे सरकार उठाती है। सिविल सर्जन डॉ. केके कश्यप ने बताया कि नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि बच्चों में किसी भी रोग की पहचान की जा सके।

# 16वां संवाद कार्यक्रम 22 फरवरी को ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय में

लोक तंत्र कीआवाज



- पहली बार वेदवाक्य जागृवान् सः समिन्धते' पर होगा संवाद, इसक उल्लेख 'ऋग्वेद' के प्रथम मंडल अंतर्गत सूक्त 22 के मंत्र 21 में मिलता है

**डा. रूद्र किंकर वर्मा**
**मधेपुरा।** 'ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के तत्वावधान में आगामी 22 फरवरी, 2025 (शनिवार) को अपराह्न 03 बजे से 16वां संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष यह संवाद 'जागृवान् सः समिन्धते' (एक वेदवाक्य) पर केंद्रित होगा, जिसका उल्लेख 'ऋग्वेद' के प्रथम मंडल अंतर्गत सूक्त 22 के मंत्र 21 में मिलता है।

कार्यक्रम के आयोजन सचिव सह दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि यह संवाद 'ऋग्वेद' के इस मंत्र का भावार्थ समझाने पर आधारित होगा, जिसमें यह बताया गया है कि जो लोग अज्ञानता और अधर्म के अंधेरे से बाहर निकलकर विद्या और धर्म के प्रकाश में आते हैं, वे सर्वोत्तम गुणों से संपन्न होते हैं और वही सर्वव्यापी भगवान विष्णु के दर्शन कर पाते हैं।

**मुख्यवक्ता होंगी प्रो. शिवानी शर्मा:** इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. (डॉ.) शिवानी शर्मा रहेंगी, जो पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ की दर्शनशास्त्र विभाग की पूर्व अध्यक्ष हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) जटाशंकर, दर्शनशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय (उत्तर प्रदेश) के पूर्व अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय दर्शन परिषद् के अध्यक्ष होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) रमेशचंद्र सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय, पटना (बिहार) तथा आईसीपीआर, नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष करेंगे। अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) कैलाश प्रसाद यादव करेंगे।

**कौन हैं प्रो. शिवानी ?:** प्रो. शिवानी एक अत्यधिक सम्मानित दर्शनशास्त्र की विद्वान हैं और पंजाब विश्वविद्यालय में वरिष्ठ प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने 1996 में पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर (स्वर्ण पदक) और 2003 में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। वह लगभग 26 वर्षों से शोध कार्य में संलग्न हैं और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत कर चुकी हैं। उन्होंने कई विश्वविद्यालयों में ऑनलाइन और ऑफलाइन व्याख्यान भी दिए हैं।

**स्टडी सर्किल क्या है ?:** डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि स्टडी सर्कल भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत संचालित भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा आयोजित एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसके तहत प्रत्येक माह एक पूर्व निर्धारित विषय पर ऑनलाइन-ऑफलाइन संवाद होते हैं, जो पूर्णतः निःशुल्क होते हैं। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण-पत्र भी दिए जाते हैं।

**पहले हो चुके हैं 15 संवाद:** अब तक बीएनएमयू में स्टडी सर्कल के अंतर्गत 15 संवाद हो चुके हैं, जिसमें कई ख्यातिप्राप्त दार्शनिकों ने अपने विचार साझा किए हैं, जिनमें पद्मश्री प्रो. रामजी सिंह (भागलपुर), प्रो. पूनम सिंह (पटना), प्रो. एन. पी. तिवारी (पटना), प्रो. नीलिमा सिन्हा (बोधगया), डॉ. आलोक टंडन (हरदोई), प्रो. सभाजीत मिश्र (गोरखपुर), प्रो. जटाशंकर (प्रयागराज), प्रो. इंदु पांडेय खंडूरी (श्रीनगर-गढ़वाल), प्रो. रमेशचन्द्र सिन्हा (नई दिल्ली), प्रो. सच्चिदानंद मिश्र (नई दिल्ली), प्रो. मनोज कुमार (वर्धा), डॉ. गोविन्द शरण उपाध्याय (नेपाल) और माधव तुरुमेला (लंदन) जैसे विद्वान शामिल रहे हैं। यह संवाद कार्यक्रम ज्ञान-वर्धन का एक अहम अवसर होगा, और इस अवसर पर उपस्थित दर्शकों को दर्शनशास्त्र के गहरे विचारों से परिचित होने का मौका मिलेगा।

# सहरसा सदर अस्पताल में घुसकर सुरक्षा गार्ड सुपरवाइजर को गोली मारकर घायल करने का आरोपी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज




**सहरसा संवादाता।** सहरसा सदर अस्पताल के सुरक्षा गार्ड सुपरवाइजर को गोली मारकर घायल करने के मुख्य आरोपी को एसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम द्वारा घटना के महज 3 घंटे के भीतर ही उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया था। साथ ही अभियुक्त के निशानदेही पर घटना में उपयोग की गई पिस्तौल भी बरामद कर ली गई थी। गोलीबारी की घटना का कारण आरोपी ने सदर अस्पताल में कार्य को लेकर हो रहे मतभेद को बताया था। जिसके दौरान कई दफे पूर्व में भी गाली गलौज और मारपीट की भी घटना होने की बातें कही गई थी। जिसके बाद आक्रोश में गोलीबारी की घटना करने की बात स्वीकार की है।

सोमवार को सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने प्रेस वार्ता ने बताया कि सदर अस्पताल गार्ड सुपरवाइजर और मुजफ्फरपुर जिले के देवरिया थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर गांव निवासी स्व महेंद्र सिंह के पुत्र संजीव कुमार को गोली मारने के मुख्य आरोपी को घटना के 3 घंटे के भीतर उनके घर से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार अपराधकर्मी सदर थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी निवासी हीरो रजक के पुत्र मोनू रजक था। जिनके निशानदेही पर घटना में उपयोग की गई पिस्तौल भी बरामद कर लिया गया था। उन्होंने आगे बताया कि घायल संजीव कुमार के बयान पर सदर थाना कांड संख्या - 178/25 दर्ज की गई थी। जिसके बाद घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी हिमांशु के निर्देश पर उनके नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था।

गठित टीम द्वारा मानवीय सूचना, आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज सहित तकनीकी अनुसंधान के बाद घटना के मुख्य आरोपी सदर अस्पताल के सफाई सुपरवाइजर मोनू रजक की गिरफ्तारी की गई थी।गिरफ्तार अपराधी का है पूर्व से ही अपराधिक इतिहास - उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी मोनू रजक पर पूर्व से तीन गंभीर मामले चल रहे थे। जिसमें सदर थाना कांड संख्या - 639/17, सदर थाना कांड संख्या - 397/17 और सदर थाना कांड संख्या - 977/20 हैं। छापामारी टीम में उनके अलावे साइबर डीएसपी अजीत कुमार, सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक ज्योतिष कुमार, खुशबू कुमारी, बटराहा टीओपी - 2 प्रभारी सनोज वर्मा, जिला आसूचना इकाई के पदाधिकारी, उनके कर्मी और सदर थाना पुलिस बल शामिल था।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सीओ विजय दास के नेतृत्व में अवैध कोल खदान किया गया ध्वस्त



लोकतंत्र की आवाज
अमित कुमार पाठक, ब्यूरो चीफ (चतरा )

टंडवा (चतरा)। अवैध कोल खनन के विरुद्ध सीओ विजय दास के नेतृत्व में मंगलवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। जानकारी देते हुवे श्री दास ने बताया कि खैल्हा–सिसई पुल के समीप निर्मित खदान को ध्वस्त करते हुवे लगभग पांच ट्रेक्टर कोयला जब्त किया गया है।वहीं उक्त कार्रवाई से कोल तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। बताया गया कि कारोबार में संलिप्त लोगों को चिन्हित करते हुवे विधिसम्मत विभागीय कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। बताया जाता है कि अवैध तरीके से निकाले जा रहे बड़े पैमाने पर कोयले की खपत मंडियों समेत ईंट भट्ठों में की जा रही थी।छापेमारी अभियान में एसआई अनंत दूबे समेत थाना के पुलिस बल मौजूद थे।

### ड्रेन एवं पुलिया के निर्माण कार्य में बरती जा रही है अनामीतता, ग्रामीणों में आक्रोश



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

बरहरवा। प्रखंड के बिंदु पाड़ा पंचायत अंतर्गत फरीदपुर गांव में 15 वित्त की मदद से बनवाए जा रहे ड्रेन एवं कलभट के निर्माण में घोर अनियमितताएं बरते जाने को लेकर ग्रामीणों में आक्रेश बढ़ता ही जा रहा हैयह भी जानकारी मिली है कि काम करने वाले लाभुक समिति एवं मोहल्ले के लाभुकों के बीच रविवार को घटिया निर्माण कार्य को लेकर मारपीट की नौबत उत्पन्न हो गई थी पर ग्रामीणों के बीच बचाव के कारण मामला तत्काल टल गया है पर दोनों पक्षों में अभी भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फरीदपुर गांव में 15 वित्त की मद से करीब 200 मीटर तक जलनिकासी ड्रेन एवं कैल्वेट के निर्माण कार्य में बालू के जगह पर काफी मात्रा में घटिया डस्ट एवं सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा थो इसी को लेकर ग्रामीणों ने जब विरोध किया तो कार्य करा रहे उप मुखिया के पति एवं लाभुक समिति के लोगों के साथ कहां सुनी हो गई मामला मारपीट तक पहुंचने वाली थी कि ग्रामीणों द्वारा बीच बचाव किया गया एवं मामला शांत हुओबताया जाता है कि चार–पांच दिन पहले ड्रेन के बगल में कैल्वेट का निर्माण किया गया था जो महज 5 दिन में ही टूट–फूट कर बर्बाद होने लगा है, यह भी झगड़ा का एक मुख्य कारण है ग्रामीणों का आरोप है कि मुखिया के पति एवं कुछ बिचौलिए मिलकर इस योजना में लूट खसोट मचा रखा है जिसे जांच किया जाना अति आवश्यक हैइस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्य के देखरेख करने वाले कनीय अभियंता प्रवीण सिंह से जब संपर्क किया गया तो बताया कि कार्य में अनियमितता बरते जाने की समाचार उन्हें भी मिला है इसलिए उनका भुगतान रोक दिया गया है कार्य के स्थलीय जांच की जाएगी एवं आला अधिकारी को इसके बारे में रिपोर्ट किया जाएगा वीडियो बरहरवा ने बताया कि मैं स्वयं इस योजना की जांच करुंगा एवं दोषी पाए जाने पर लाभुक समिति के अध्यक्ष पर कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में दो व्यक्ति की हुई घटनास्थल पर ही मौत



लोकतंत्र की आवाज
अमित कुमार पाठक, जिला ब्यूरोचीफ चतरा

चतरा( झारखंड)। प्रतापपुर हंटरगंज सड़क मार्ग के बीच बराटपुर मोड पर मंगलवार की संध्या लगभग 5 :00 बजे ट्रैक्टर एवं मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में दो व्यक्तियों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि ट्रैक्टर पर सवार एक 10 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना होने की जानकारी जब थाना प्रभारी कासिम अंसारी को मिली तो उन्होंने प्रतापपुर चिकित्सा पदाधिकारी कुमार संजीव से संपर्क किया और एंबुलेंस के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घायल बालक को प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए एंबुलेंस से भेजा और ट्रैक्टर से दवे हुए ट्रैक्टर चालक को निकालने के लिए जेसीबी को बुलवा कर डेड बॉडी को निकाला जा सका। ट्रैक्टर चालक जमुना बातेशा से इंट लेकर प्रतापपुर आ रहा था और प्रतापपुर से जा रहा मोटरसाइकिल सवार अचानक बराटपुर से पीछे मोड पर अनबैलेंस हो गया जिस कारण मोटरसाइकिल सवार दूर तक फेंका गया और उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई वहीं दूसरी ओर ट्रैक्टर चालक की मौत अपने ही ट्रैक्टर के इंजन के नीचे दबने से हो गई। घायल 12 वर्षीय बालक कल भारती के मुताबिक ट्रैक्टर चालक का नाम अनिल यादव है जो उत्तर प्रदेश का रहने वाला है वर्तमान समय में वह इमामगंज थाना क्षेत्र के बतेशा गुरु इटभट्ठा के लिए काम करने वाला ड्राइवर है । तो नहीं चल पाया है मोटरसाइकिल चालक के पास से मिले आधार कार्ड के अनुसार लगभग 37 वर्षीय आकाश विश्वकर्मा पिता देवराज मिस्त्री ग्राम डूभल बिहार के इमामगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। जबकि लगभग 12 वर्षीय बालक जो मजदूर के रूप में कार्य कर रहा था ट्रैक्टर पर वह पास के ही गांव का रहने वाला है।

# सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने वापस ली याचिका

लोक तंत्र कीआवाज



**झारखंड प्रभारी निशांत तिवारी**

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने छेड़छाड़ की पीड़िता की तस्वीर वायरल करने से संबंधित केस में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट से वापस ले ली है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने उन्हें इसकी इजाजत दे दी। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा था कि यह याचिका विचार योग्य नहीं है। इरफान अंसारी वर्ष 2018 में छेड़छाड़ की शिकार एक बच्ची से मिलने हॉस्पिटल गए थे। बच्ची से मुलाकात की तस्वीर वायरल होने से उसकी पहचान उजागर हो गई।

आरोप है कि यह तस्वीर इरफान अंसारी के मोबाइल से वायरल हुई। इसे लेकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। पिछले वर्ष इस मामले में निचली अदालत ने संज्ञान लिया था। एमपी–एमएलए कोर्ट में उनके खिलाफ ट्रायल चल रहा है। इरफान अंसारी ने ट्रायल रद्द करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने सितंबर 2024 में उनकी याचिका खारिज कर दी। इसके बाद इरफान सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका पर पिछली सुनवाई के दौरान कहा था कि आप हर चीज के लिए प्रचार क्यों चाहते हैं?

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा था कि बच्ची से मुलाकात के दौरान कानून के तहत अनिवार्य आवश्यकताओं का पालन नहीं किया गया। जस्टिस नागरत्ना ने पूछा था कि विधायक को अगर पीड़िता से मिलना था तो क्या वह अकेले या एक–दो लोगों के साथ नहीं जा सकते थे? वह समर्थकों का समूह लेकर पीड़िता से क्यों मिलने गए थे? अदालत की इस प्रतिकूल टिप्पणी के बाद इरफान अंसारी ने अपनी याचिका वापस ले ली।

# हमेशा याद रखें,सावधानी हटी दुर्घटना घटी

लोकतंत्र की आवाज



● सिाथ मिलकर एक बेहतर इंटरनेट के लिए समाहरणालय सभागार में एक दिवसी कार्यशाला का आयोजन

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह, झारखंड ।** अगर कोई आपसे यह पूछे कि इंटरनेट का हैप्पी बर्थडे कब है? तो आप 30 अप्रैल 1993 कह सकते हैं। सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश के आलोक में इंटरनेट के बढ़ते उपयोग एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित थीम ₹साथ मिलकर एक बेहतर इंटरनेट के लिए₹ विषय पर आज समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी की अध्यक्षता में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य दुनिया में सुरक्षित और बेहतर इंटरनेट सेवा प्रदान करना है। सुरक्षित इंटरनेट दिवस का लक्ष्य है कि प्रत्येक इंटरनेट उपभोक्त अपने डेटा (निजि जानकारी) को उजागर किए बिना भी जिम्मेदारी के साथ इंटरनेट का उपयोग कर सकता है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, साइबर क्राइम, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि हरेक वर्ष की भांति आज भी 11 फरवरी को Safer Internet Day मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट एक शक्तिशाली उपकरण है जिसमें सीखने, कौशल बढ़ाने और नई योग्यताएं और ज्ञान प्राप्त करने के लिए बहुत सारे अवसर हैं। हालाँकि, अवसरों के साथ जोखिम भी आते हैं। इंटरनेट डे का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना है, लेकिन ऑनलाइन बच्चों और युवाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाना भी है। डिजिटल क्षेत्र में, बेहतर ऑनलाइन अनुभव के लिए सहयोग आवश्यक है, खासकर युवा उपयोगकर्ताओं के लिए।

मौके पर जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट की उपयोगिता काफी बढ़ गया है। इस साल सुरक्षित इंटरनेट दिवस की थीम, 'टुगेदर फॉर ए बेटर इंटरनेट' है। इस थीम का चयन इसलिए किया गया ताकि इससे जुड़े सभी लोग एक साथ आने के लिए प्रोत्साहित हो सके। जिससे वेब को सभी के लिए खासकर बच्चों और युवाओं के लिए के लिए एक सुरक्षित और बेहतर जगह बनाया जा सके। इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस दौर में सुरक्षित इंटरनेट दिवस का महत्व काफी बढ़ गया है। इस दिवस पर लोगों को इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में जागरूक करने के साथ–साथ साइबर हमलों का सामना करने के लिए शिक्षित भी किया जाता है। सेफर इंटरनेट दिवस पर कई कार्यक्रमों, माध्यमों द्वारा जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने साइबर अपराध क्या है, यह क्यों और कैसे होता है, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया। साथ ही इससे बचाव के पाय भी बताए। इसके अलावा कार्यक्रम में शामिल युवाओं ने भी अपनी अपनी बात रखी।

# तीन दिवसीय राजकीय ईटखोरी महोत्सव झूमेंगे लोग, झारखंड समेत देश के नामचीन कलाकारो समेत स्थानीय कलाकार भी बिखेरेंगे जलवा

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**चतरा(झारखंड)।** जिले मे 18,19,20 फरवरी को होने वाले राजकीय इटखोरी महोत्सव के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन एकाग्र एवम सक्रिय है। कार्यक्रम को लेकर बहुत ही गंभीर हैं। साथ में जिला प्रशासन को चतरा सांसद एवं स्थानीय विधायकों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है।

**महोत्सव में आएंगे ये कलाकार:** श्री विपिन मिश्रा एंव ग्रुप :– ये मिथिला के दरंभगा जिले के निवासी है। भारतीय संगीत में स्त्रोत गायन में पीएचडी किये है। अपने शंखवादन को स्तुत गायन एवं वैदिक गान शंखनाद का प्रयोग कर सम्पूर्ण भारतीय प्राचिन संगीत को पुर्नजागृत करने का एक लघु प्रयास किया है। भारत के माननीय प्रधान मंत्री जी के द्वारा इन्हे विशिष्ट सेवा सम्मान से अंलकृत किया है। न्यू झारखण्ड कला संगीत सृजन केन्द्र झारखण्ड का लोकप्रिय क्षेत्रिय नागपुरी भाषा पर आधारित ग्रुप नृत्य प्रस्तुति। नटराज कला केन्द्र चोगा, ईचागड : झारखण्ड का विश्व विख्यात शास्त्रीय छउ नृत्य की प्रस्तुति। यह नृत्य पुरुष प्रधान नृत्य है।

**नीरज डांस एकेडमी, चतरा :–** यह चतरा जिले के स्थानीय डांस ग्रुप है, जो नवदुर्गा माँ पर आधारित अपने नृत्य के माध्यम से प्रस्तुति करेंगे।

**राजीव निगम :–** कानपुर, उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले राजीव निगम टीवी की दुनिया के पॉपुलर कॉमेडियंस में से एक हैं। 1998 में कॉमेडी शो, मूवर्स एंड शेखर्स के लेखन कर चुके है। राजीव ने 2006 में ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज में हिस्सा लिया और सबको खूब हंसाया। इसके बाद वे कॉमेडी सर्कस और कॉमेडी नाइट्स विद कपिल जैसे कॉमेडी शोज में दिखाई दिए। सबको हंसाने वाले राजीव ने रियल लाइफ में काफी स्ट्रगल देखा है। वर्ल्ड लाफ्टर डे के मौके पर विशेष पेशकश रोते–रोते हंसना सीखो के तहत हम आपको बता रहे हैं उनकी जिंदगी के तीन किस्से। यह एक महान हास्य कलाकार हैं जो अपनी कॉमेडी में व्यक्तिगत और विनोदी मोड़ जोड़ने के लिए जाने जाते हैं।

**चंदन तिवारी :–** बिहार की मशहुर भोजपुरी लोकगायिका है। यह भारत सरकार के संगीत नाटक एकादमी द्वारा बिस्मिला खाँ युवा पुरूस्कार एवं बिहार सरकार से बिहार कला–सम्मान से सम्मानित है।

**सलमान अली :–** एक भारतीय गायक हैं। वह 2011 के सारेगामापा लिटिल चैंप्स में पहले रनर–अप थे। 2019 में, उन्होंने फिल्म सैटेलाइट शंकर के गीत जय हे के साथ पार्शव गायक के रूप में अपनी शुरुआत की। य ह इंडियम आयडल के 10वें सिजन के विजेता है एवं बॉलीवुड सिंगर है।



**सुप्रिया कुमारी एण्ड ग्रुप :** यह चतरा जिले के स्थानीय स्कूली बच्चे है, जो योगासन पर आधारित योग नृत्य प्रस्तुत करेंगे। साक्षी प्रिया दुबे यह चतरा जिले के उभरती स्थानीय शास्त्रीय/भजन /सुफी/गजल लोकगायिका है। ये युवा महोत्सव–2024 में जिले में प्रथम स्थान आई थी एवं विगत राजकीय ईटखोरी महोत्सव में भी अपने संगीत के माध्यम से लोगों को मंत्रमुग्ध करने में सफल रही है। नेताजी सुभाष चन्द्र बॉस स्कूल, चतरा इस स्कूल में अनाथ व असहाय बच्चें पढ़ाई करते है, इन्होनें जिला स्तरीय युवा महोत्सव, 2025 में प्रथम स्थान प्राप्तकर राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में अपना प्रस्तुति दिए थे और ये राजकीय ईटखोरी महोत्सव, 2025 में हनुमान चालिसा पर आधारित नृत्य प्रस्तुत करेंगे।

**मानभूम सांस्कृतिक समिति, सरायकेला –** झारखण्ड का पारम्परिक पाईका लोकनृत्य का प्रस्तुति करेंगे। इसे मुंडा समुदाय द्वारा प्रमुख रूप से किया जाता है। यह पुरूष प्रधान नृत्य है और इसमें नृतक रंगीन वस्त्र पहनते है। रवि त्रिपाठी एण्ड ग्रुप एक प्रख्यात भारतीय पार्शवगायक, संगीतकार, संगीत निर्देशक, अभिनेता हैं। इन्हें सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के रियालिटी शो इंडियन आइडल (सीजन–2) से ख्याति मिली व बॉलीवुड गायन करते है। जॉली मुखर्जी एक भारतीय गायक हैं। वे बॉलीवुड के संगीत में माहिर हैं.

**अनुज्ञा शर्मा :–** यह चतरा जिले के स्थानीय है, जो लोकगायिका की प्रस्तुति करेंगे।सिमरन डांस एकेडमी एण्ड ग्रुप, चतरा यह चतरा जिले के स्थानीय डांस ग्रुप है। ये जिला स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भी हिस्सा ले चुके हैं। राजकीय ईटखोरी महोत्सव, 2025 में शिव तांडव व शिव पार्वति विवाह की प्रस्तुति अपने नृत्य के माध्यम से करेंगे।

**अथर्व बक्सी :–** 12 वर्षीय अर्थव बक्शी ने अपनी गायिकी से देशभर में झारखंड का मान बढ़ाया है. उसने और अविर्भव ने सिंगिंग रियलिटी शो सुपरस्टार सिंगर 3 का खिताब अपने नाम कर लिया।

**दिवस कुमार, धनबाद :–** रामगढ़ के दिवस नायक इंडियन आइडल में सफल नहीं हुए, तो पेंटिंग से देश–विदेश में अपनी पहचान बनायी। दिवस के बनाये पेंटिंग अमेरिका और लंदन में बिक रही है। इंस्टाग्राम पर 'दिवस आर्ट' के नाम से देखी जा सकती है इनकी बनायी गयी पेंटिंग हालात चाहे जैसे भी हों, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कठिन से कठिन लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। दिवस नायक ऐसे ही जुझारू लोगों में शामिल हैं। वर्ष 2019 में इंडियन आइडल सीजन–11 से पूरे देश में सुर्खियों बटोरनेवाले दिवस नायक टॉप 30 में पहुंचे थे. हालांकि, वे अगले राउंड में नहीं जा सके। गायन के क्षेत्र में सफलता नहीं मिली, तो उन्होंने अपनी जिंदगी की राह मोड़ ली। उन्होंने अपने चित्रकारी के हुनर को तराशना शुरू किया।

**अभिषेक प्रधान :–** यह चतरा जिला के क्षेत्रीय भक्ति लोक गायक है। पुर्नजागरण फिल्म में पार्श्व गायक के रूप में अपने प्रस्तुति कर चुके है। ईटखोरी मंदिर में माई प्रबल दण्ड प्रचण्ड भुजबल स्तुति में कम्पोजर के रूप में अपना प्रस्तुति देंगे।

**आर्यन रॉय :–** यह चतरा जिला के स्थानीय गायक है, जो हिन्दी गानें का प्रस्तुति करते है। इनको जिला स्तरीय कलाकार चयन समिति, राजकीय ईटखोरी महोत्सव, 2025, चतरा के द्वारा इनका मनोबल / पहचान बढ़ाने के उद्देश्य से इस तरह का मंच देने का निर्णय लिया है। डॉ० विष्णु सक्सेना, पदमिणी शर्मा, सर्वेश अस्थाना, स्वयं श्रीवास्तव एवं राजेश अग्रवाल :– ये सब कविता संसार व हास्य–व्यंग्य का एक जाना पहचाना नाम हैं एवं कवि सम्मेलनों में एक विशेष स्थान प्राप्त है। उनके गीतों व हास्य में प्रेम की विभिन्न मनःस्थितियों की सबल भावों के साथ लयात्मक अभियक्ति को बेहद पसंद किया जाता है और ये गीत व हास्य ही हैं जिन्होंने उनको अपनी परम्परा के समकालीन कवियों में विशेष स्थान दिलवाया है।

उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# महाकुंभ से लौट रहे तीर्थयात्रियों की वाहन दुर्घटनाग्रस्त

लोकतंत्र की आवाज

### तीन लोगों की मौत पांच लोग गंभीर रूप से घायल



**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग के चरही थाना अंतर्गत भीषण सड़क दुर्घटना हुई है जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई है. जिसमें अंसु देवी, संजू देवी सोनी देवी शामिल है. वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं. घायलों में रंजू देवी, पुनीता देवी, असिता देवी, उमा देवी और ज्योति देवी हैं . बताया जाता है कि रांची का रहने वाला पूरा परिवार है जो आपस में तय करके महाकुंभ स्नान करने के लिए प्रयागराज निकले थे, स्नान कर वापस लौटने के दौरान चरही घाटी के समीप गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, ि

जसमें घायल रंजू देवी ने बताया कि सभी लोग आपस में मिलकर प्रयागराज कुंभ जाने के लिए तैयारी की. सभी एक ही परिवार के लोग हैं. गाड़ी भाड़ा में लेकर प्रयागराज के लिए 8 फरवरी को सुबह निकले थे. 9 फरवरी को सभी ने महाकुंभ में स्नान किया. रात में ही वापस रांची जाने के लिए निकले. इसी दौरान चरही घाटी के निकट कोयला ढोने वाले मोटरसाइकिल से गाड़ी अनियंत्रित हो गया और खड़े ट्रक को जा मारा इससे यह घटना घटी है. घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया है. कुछ मरीजों को रेफर करने की भी तैयारी चल रही है. तीनों मृतकों का शव पोस्टमार्टम के लिए रखा गया है और परिवार वालों को इसकी सूचना दी गई है।

# गुमला जिले में बांस कारीगरों के उत्थान के लिए नई योजना, हरा सोना से निखरेगा गुमला

लोकतंत्र की आवाज़






**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**गुमला(झारखंड)।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से जिले के बांस कारीगरों के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए एक नई योजना शुरू की जा रही है, जिससे गुमला जिले को ₹हरे सोने₹ से निखारने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना का उद्देश्य कारीगरों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाना है। योजना को आकांक्षी जिला कार्यक्रम (अउ्ढ) के तहत नीति आयोग के मार्गदर्शन में संचालित किया जाएगा, जिससे कारीगरों को व्यवसायिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

बांस को 'हरा सोना' कहा जाता है, क्योंकि यह न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि आर्थिक विकास का भी एक महत्वपूर्ण साधन है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने न केवल कारीगरों के उत्थान पर ध्यान केंद्रित किया है, बल्कि बांस की कृषि को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया है। इस योजना के तहत जिले में बीमा बैंबू और अन्य उन्नत किस्मों के बांस का पौधारोपण किया जाएगा, जिससे स्थानीय किसानों को भी आर्थिक लाभ मिलेगा।

इस पहल के अंतर्गत बांस कारीगरों को बुनियादी और उन्नत स्तर का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें डिज़ाइनिंग, कटाई, मशीन संचालन और आधुनिक तकनीकों का समावेश होगा। गुमला जिले में पहले से मौजूद आठ क्लस्टर फैसिलिटेशन सेंटरों (उउ) में से एक को उन्नत सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगा, जिससे कारीगरों को प्रशिक्षण एवं उत्पादन के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।

इस परियोजना के तहत कारीगरों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी। लगभग ?39,00,000 की राशि इस योजना के लिए स्वीकृत की गई है, जिससे मशीनों की आपूर्ति, अधिष्ठापन और प्रशिक्षण को सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। इसके अलावा, प्रत्येक कारीगर को न्यूनतम ?5000 मूल्य के उत्पाद तैयार करने होंगे, जिन्हें 12 महीने के भीतर बायबैक मैकेनिज्म के तहत खरीदा जाएगा। इससे कारीगरों को बाजार की चिंता किए बिना अपने उत्पादों की उचित कीमत प्राप्त होगी। इस दिशा में मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग बोर्ड द्वारा भी कारीगरों को पहचान पत्र, ई –श्रम कार्ड, श्रमिक निबंध, आयुष्मान कार्ड, पीएम विश्वकर्म योजना, प्रशिक्षण के क्षेत्र में बेहतर काम कर कारीगरों को लाभ दिया जा रहा है।

ज्ञात हो कि बांस का उपयोग बायोडीजल के रूप में भी किया जा रहा है, जिससे यह पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा का एक नया स्त्रोत बन रहा है। इसके अलावा, बांस अधिक मात्रा में ऑक्सीजन प्रदान करता है और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। इस पहल से न केवल आर्थिक, बल्कि पारिस्थितिकीय लाभ भी मिलेगा, जिससे गुमला जिले को हरित विकास की दिशा में आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। योजना के तहत 1 वर्ष की अवधि पूर्ण होने के बाद कारीगरों के लिए एक स्थायी आर्थिक मॉडल तैयार करने की योजना भी बनाई गई है। इसके लिए एफपीओ/सहकारी समिति का गठन किया जाएगा, जिससे कारीगरों को निरंतर उत्पादन और विपणन की सुविधा मिल सके। यह योजना न केवल बांस कारीगरों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगी, बल्कि जिले में स्वरोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# साहेबगंज में 'Safer Internet Day' मनाया गया, साइबर सुरक्षा पर जोर

6

लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख



साहिबगंज( इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार साहेबगंज समाहरणालय सभागार में 'रंत्री१ क्लइी१ल्ली३ उं८' मनाया गया। इस वर्ष का थीम "Together for a Better Internet" था, जिसके तहत बच्चों, महिलाओं और युवाओं के बीच इंटरनेट के सुरक्षित एवं जागरूक उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

**साइबर सुरक्षा और डिजिटल जागरूकता पर फोकस:** इस अवसर पर जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन किया। इसका मुख्य उद्देश्य इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ उत्पन्न साइबर खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना था, ताकि वे डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित और लाभकारी उपयोग कर सकें। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार और परियोजना पदाधिकारी यूआईडी संदीप कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने इंटरनेट से जुड़े विभिन्न खतरों जैसे फिशिंग, साइबर ठगी, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ऑनलाइन बुलिंग और डिजिटल फ्रॉड से बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी।

**विद्यार्थियों और नागरिकों के लिए जागरूकता सत्र :** कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों, सरकारी कर्मचारियों, आम नागरिकों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार ने कहा, ₹डिजिटल युग में इंटरनेट का उपयोग अनिवार्य हो गया है, लेकिन इसके साथ खतरे भी बढ़े हैं। हमें अपनी डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी और सतर्क रहना होगा।₹ उन्होंने उ८्री१ ऊ्न्न२३ ऐप, हेल्पलाइन नंबर 1930 और अन्य सरकारी साइबर सुरक्षा पहल के बारे में भी जानकारी दी। महिलाओं और बच्चों को इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया।

**'जागरूक बनें, सुरक्षित रहें :** कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा ने कहा कि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता सबसे प्रभावी हथियार है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें और संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधियों की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि साइबर सुरक्षा का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। साहेबगंज प्रशासन ने यह संकल्प लिया कि जिले के सभी नागरिकों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और साइबर सुरक्षा की जानकारी देने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गायघाट: बीडीओ के रवैये के खिलाफ जनप्रतिनिधियों ने किया धरना-प्रदर्शन



लोकतंत्र की आवाज
दीपक कुमार

गायघाट। कटरा प्रखंड कार्यालय में अफरा तरफ़ी उस समय मच गई। जब मुखिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यालय के समीप धरना पर बैठ गए। बताया गया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शशि प्रकाश गाली गलौज करते हैं। जनप्रतिनिधि को अपमानित करते हैं। ये बीडीओ सही नहीं हैं ।मनमानी रवैया से जनप्रतिनिधि काफी परेशान है। योजना पूर्ण होने के बावजूद भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। वैसे में लाभुक परेशान है। भुगतान को लेकर प्रमुख कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। इधर प्रमुख नूर आलम व जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से बार–बार राशि भुगतान करने की मांग कर रहे हैं। परंतु भुगतान नहीं किया जा रहा है। जबकि मनरेगा योजना में भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे मजदूर भी परेशान है। वैसे में ग्रामीणों का कार्य सही समय पर नहीं हो पा रहा है। कहा की राशि की भुगतान जल्द नहीं की गई और बीडीओ अपनी रवैए में बदलाव नहीं करते है तो आंदोलन किया जाएगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि व लाभुक थे।

### दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई



लोकतंत्र की आबाज
समस्तीपुर। जिले के पूसा प्रखंड क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के देव दुर्लभ कार्यकर्ता प्रखर राष्ट्रवादी एवं मानवतावाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया। भाजपा नेता आशीष कुमार ने कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, 'अंत्योदय' एवं 'एकात्म मानववाद' के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय थे। पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यकर्ता ने समर्पण कार्यक्रम भाजपा नेता पप्पू के आवासीय परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित भाजपा नेता आशीष कुमार रिक्की ,रेखा कुमारी, संजीव कुमार, मोनु कुमार, विशाल कुमार ,कुन्दन कुमार यादव, रिशु कुमार , रानी कुमारी, सुशीला कुमारी, रेखा देवी, लक्ष्मी देवी, मंजु देवी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### बिजनौर ग्राम प्रधानों की समस्याओं को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट वकार अहमद
बिजनौर। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष सोमदेव सिंह एवं मुरादाबाद मंडल मीडिया प्रभारी डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों की प्रमुख समस्याओं से संबंधित 10 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी जसजीत कौर को दिया। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानों द्वारा शासन के निर्देशानुसार शासन के कार्यों में आ रही विभिन्न परेशानियों के कारण सभी विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिनका जनहित में ससमय निराकरण होना आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में जिला संगठन मंत्री विकास कुमार राजपूत, विनय कुमार ब्लॉक अध्यक्ष हल्दौर, उदित कुमार ब्लॉक अध्यक्ष नहटौर, ग्राम प्रधान गौरव कुमार, पारूल चौधरी, विपिन कुमार, शीशपाल सिंह, कमल सिंह, रोहतास सिंह, सुभाष कुमार, खड़क सिंह, अमित कुमार, अशफाक अहमद, संजीव कुमार आदि कई ग्राम प्रधान शामिल रहे।

### संत गुरुरविदास की जयंती पर शिक्षा जागरूकता अभियान



लोकतंत्र की आवाज
दीपक कुमार
गायघाट । संत गुरु रविदास जी की जयंती पर ग्राम साहिला बल्ली पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय आसमानपुर में शिक्षा रूसंत गुरु रविदास जी की जयंती पर ग्रामपी रत्न कलम, किताब, पेंसिल, वितरण करने का काम समाजसेवी बृजकिशोर सहनी के साथ में सभी नौजवानों को और बच्चे को शिक्षा के अधिकार बताया, शिक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कार्यक्रम में कई शिक्षक गन शामिल हुए ' निरंजन चौधरी, अंजू कुमारी,दीपक पंडित, अमनीश कुमार,रेशमी कुमारी,विश्वनाथ साफी, उपस्थिति रहा ,सहयोग में भाग लिए, रजनीश कश्यप,राजेश सहनी, सत्या सहनी, सैफक्यू रहमान, शम्भु सहनी, रविन यादव ,यह सभी सहयोग किए!

# डीआईजी ने झांसी सर्किल के सभी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दिए दिशा-निर्देश

लोकतंत्र की आवाज




**उरई जालौन।** आज पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी श्री केशव कुमार चौधरी महोदय द्वारा रेंज के जनपद झांसी, जालौन व ललितपुर के क्षेत्राधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गयी जिसमें विभिन्न संगीन अपराधों, सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों, महिलाओ एवं बालिकाओ सम्बन्धी अपराध, लंबित विवेचनाओ के निस्तारण, साइबर अपराध, माल मुकदमाती का निस्तारण, पुरस्कार घोषित, टॉप 10 अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही आदि की विस्तृत समीक्षा कर अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

गम्भीर अपराधों के अभियुक्त जैसे हत्या, लूट, डकैती, गैंगरेप, गौ तस्करी, वाहन चोरों, मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही करने तथा गैंगस्टर के अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 14(1) अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए गये।

महोदय द्वारा सर्किल की लंबित विवेचनाओ की समीक्षा कर क्षेत्राधिकारियों को विवेचनाओ के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए है साथ ही अपने अपने सर्किलों के विवचको के साथ मीटिंग कर विवेचनाओ में गुणदोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण हेतु व्यक्तिगत मार्गदर्शन एवं अनावश्यक विवेचनाओ को लंबित न रखने के दिशा निर्देश । लुटेरे, अवैध शराब व पशु तस्करों आदि पेशेवर अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी सतत निगरानी व सत्यापन करते सक्रिय दुर्दांत अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही के साथ ही उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

महिला/बालिकाओं सम्बन्धी अपराधों में त्वरित कार्यवाही के निर्देश– नियमित रूप से फुट पेट्रोलिंग एंव एंटी रोमियो स्कॉड व शक्ति मोबाईल को भ्रमणशील रखा जाये, महिला अपराध के सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही की जाये एंव महिला सम्बन्धी लंम्बित अपराधों का त्वरित गति से निष्पक्षतापूर्वक निस्तारण कराया जाये तथा महिला सशक्तिकरण एवं उनकी सुरक्षा/सहायता हेतु उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित ₹मिशन शक्ति₹ अभियान के क्रम में महिला बीट अधिकारी 'शक्ति दीदी' द्वारा सार्वजनिक स्थानों/कस्बों/गावों में चैपाल लगाकर तथा स्कूल/कालेजों में जाकर उन्हें जागरूक करते हुए उनकी हर सम्भव सहायता उपलब्ध करायी जाए।

शासन के निर्देशानुसार चिन्हित अपराधों में दोषियों को मा0 न्यायालय से सजा दिलाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान ₹आपरेशन कन्विक्शन₹ के तहत अभियोजक व मानिटरिगं सेल द्वारा समन्वय स्थापित कर प्रभावी पैरवी कराएं जिससे अपराधियों को अविलंब व अधिकतम सजा दिलाई जा सके । नाबालिक बच्चों/ गुमशुदाओं/ अपहृताओं की सकुशल/शीघ्र बरामदगी हेतु टीमें गठित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। पोस्टमार्टम/पंचायतनामा रजिस्टर को अध्यावधिक कर गुमशुदाओं के डाटा मिलान हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। वाहन चोरी की घटनाओं की समीक्षा कर उनको रोकने हेतु प्रभावी चेकिंग कर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा चोरी की घटनाओं के अनावरण के निर्देश दिये गये। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर सतत निगरानी की जाए । किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक/भ्रामक पोस्टों के प्राप्त होने पर उच्चाधिकारियों को संज्ञानित करते हुए तत्काल प्रभाव से उसका खंडन किया जाए।

साइबर अपराधों के बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाकर जनता को सावधान/सतर्क रहने हेतु जागरूक करते हुये आमजन को किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने एवं किसी अनजान एप को इन्स्टॉल न करने, सोशल मीडिया के एकाउण्ट पर प्राइवेसी लगाकर रखने, किसी से ओटीपी शेयर न करने, अनजान नम्बरों से आने वाली कॉल पर बात करते समय साइबर ठगी से सावधान रहने के साथ ही अनजान कॉल पर अपनी निजी जानकारी साझा न करने के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। वर्तमान समय में साइबर ठग नये नये तरीके अपनाकर अपराधों को अंजाम दे रहें है, ऐसे अपराध जैसे इन्टरनेट अरेस्ट, स्क्रीन शेयरिंग, किसी पुलिस अधिकारी की जांच के नाम पर, केवाईसी अपडेट्स आदि की जानकारी रखने के साथ ही किसी के साथ साइबर अपराध घटित हो जाने पर तत्काल स्थानीय पुलिस/साइबर थाना अथवा 1930 पर तत्काल सूचना देने हेतु जागरूक करें।

आमजन व संभ्रांत नागरिकों से सम्वाद बनाते हुये सहयोग लेकर हॉटस्पॉट को चिन्हित करते हुये अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवायें जिससे अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियत्रण किया जा सके। थाने में आने वाले आंगतुक, पीड़ित का उत्पीड़न न किया जाए और न ही किसी को अनावश्यक रूप से थाने में निरूद्ध न रखा जाए ।

डीआईजी महोदय द्वारा क्षेत्राधिकारियों को अपने अपने सर्किल के पुलिसकर्मियों में अनुशासन बनाये रखने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए है साथ ही पुलिसकर्मियों द्वारा सभी प्रकार की ड्यूटीयों को पूर्ण निष्ठा, मनोयोग के साथ निर्धारित वर्दी धारण करने तथा मृदुभाषी रहते हुए कर्तव्यपालन करने के निर्देश दिए गए है। अपराध समीक्षा बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी मोठ श्री देवेन्द्र नाथ मिश्र जनपद झाँसी, क्षेत्राधिकारी कालपी श्री अवधेश कुमार सिंह जनपद जालौन एवं क्षेत्राधिकारी पाली श्री कृष्ण कुमार मिश्र जनपद ललितपुर मौजूद रहे।

## महापौर उषा देवी अग्रवाल ने किया ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन



**लोक तंत्र कीआवाज**
**प्रवीण कुमार**
**कटिहार ।** महर्षि मेंही होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कटिहार में एकदिवसीय ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन कॉलेज संचालक के द्वारा किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कटिहार शहर की महापौर उषा देवी अग्रवाल ने ब्लड डोनेशन कैंप का विधिवत्त दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया है इस मौके पर निर्मल डालमिया, डॉक्टर जी.सी. मेहता, डॉक्टर चंद्रभानुस साह, कॉलेज के प्रधानाध्यापक डॉक्टर अभिनव राज, भाजपा नेत्री डिस्कीट अग्रवाल एवं अन्य डॉक्टर गण इस मौके पर मौजूद रहे।

## बिहार में घूसखोर दारोगा हुआ गिरफ्तार, 75 हजार रिश्वत लेते विजिलेंस की टीम ने दबोचा

लोकतंत्र की आवाज



**दीपक कुमार**
**मुजफ्फरपुर।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए विजिलेंस टीम ने सब–इंस्पेक्टर रोशन सिंह को 75,000 रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी जिले के करजा थाना क्षेत्र स्थित मड़वन उच्च विद्यालय के पास हुई।

घटना के अनुसार, अवधेश सिन्हा नामक व्यक्ति ने घूस मांगे जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि सब–इंस्पेक्टर रोशन सिंह ने किसी मामले को निपटाने के एवज में 75,000 रुपये की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विजिलेंस टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही दारोगा रिश्वत की रकम ले रहा था, उसे मौके पर ही धर–दबोचा। दारोगा की गिरफ्तारी के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। विजिलेंस टीम ने सब–इंस्पेक्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस बात की भी जांच हो रही है कि आरोपी दारोगा के खिलाफ पहले से कोई भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें दर्ज हैं या नहीं।

जानकारी के मुताबिक, रोशन सिंह 2019 बैच के सब इंस्पेक्टर हैं और वर्तमान में जिले के सरैया थाना में पदस्थापित हैं। इस मामले में निगरानी की टीम आगे की करवाई में जुटी हुई है। जमीन के मामले में पैसे लेने के लिए बुलाया था।

स्कूल में परीक्षा की ड्यूटी के दौरान वादी को बुलाया था, जिससे रिश्वत लेते हुए दारोगा को रंगे हाथ पकड़ा गया है। गिरफ्तारी के बाद सब–इंस्पेक्टर रोशन सिंह को विजिलेंस कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसके अलावा इस मामले में अन्य संलिप्तता की जांच भी की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, अगर आगे और भी घूसखोरी के मामले उजागर होते हैं, तो आरोपी पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

## गिरिडीह बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सुवर्ण प्राशन संस्कार संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड ।** बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को शिशुओं का सुवर्ण प्राशन संस्कार संपन्न हुआ।मौके पर प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष डॉ सतीश्वर प्रसाद सिन्हा एवं प्रधानाचार्य आनंद कमल ने शिशुओं को सुवर्ण प्राशन का प्रथम खुराक पिलाया।शिशु वाटिका प्रभारी कल्पना कुमारी के नेतृत्व में सर्वप्रथम बच्चों का अग्निहोत्र कार्यक्रम हुआ जिसमें छोटे–छोटे भैया–बहनों ने हवन की आहुति अर्पित किया। आचार्य सतीश मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ इस कार्य को संपन्न कराया।

प्रधानाचार्य आनंद कमल ने बताया कि विद्या भारती योजनानुसार संपूर्ण भारत के शिशु मंदिरों में12 वर्ष तक के बच्चों का सुवर्ण प्राशन संस्कार होता है।यह आयुर्वेदिक दवा शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।इसके सेवन से बच्चों का शारीरिक और बौद्धिक विकास बेहतर होता है।आज विद्यालय परिसर में 97 बच्चों का सुवर्णप्राशन का प्रथम खुराक दिया गया।यह एक वर्ष में 13 बार बच्चों को दिया जाता है।मौके पर उपाध्यक्ष ने कहा की सुवर्ण प्राशन की दो बूंदें सामान्य एवं जटिल तथा संक्रामक रोगों को होने से रोकने में कारगर है।इसमें विटामिन,मिनरल्स के अलावे आंशिक रूप से स्वर्ण धातु मौजूद रहता है।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिशु वाटिका के समस्त दीदी उपस्थित थी।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर ट्रक ने बस पर मारी टक्कर: चालक घायल, झपकी आने से हुआ

लोकतंत्र की आवाज



**कुठौंद जालौन।** जालौन बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे पर मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा होते–होते टल गया। एक्सप्रेस–वे के 225.3 किलोमीटर पर ट्रक चालक को झपकी आने से उसका वाहन अनियंत्रित होकर आगे चल रही ट्रैवल्स बस से टकरा गया। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे।

बरेली के इस्लामनगर निवासी अहमद ट्रक चला रहा था। सुबह के समय उसे झपकी आने से वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। ट्रक सीधा बस से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की आवाज सुनकर राहगीरों ने तुरंत कुठौंद पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही कुठौंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद घायल चालक को ट्रक से निकाला। उसे तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी औरैया भेजा गया। जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। प्रारंभिक जांच में चालक की सुबह के समय झपकी आना हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

## बगहा : अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक पर तीन सवार लोग हुए घायल, रेफर

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोकर मारते हुए मौके से फरार हो गया। बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा डायल 112 पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही डायल 112 टीम मौके पर पहुंच कर तीनों घायलों को ईलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां कार्यरत चिकित्सक डॉ. अरूण कुमार, जीएनएम माता प्रसाद आदि ने तीनों का ईलाज किया।

इलाज के उपरांत सिर सहित पूरे शरीर में गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए तीनों को जीएमसीएच अस्पताल बेतिया रेफर कर दिया। तीनों घायलों में चनपटिया निवासी 28 वर्षीय राजा कुमार 27 वर्षीय अजीत पटेल, 27 वर्षीय सलमान खान के रूप में हुई है। पुलिस मामले कि जांच कर रही है। तमाम प्रयासों के बावजूद लोग तेज रफ्तार से वाहन चलाने से बाज नहीं आ रहें है। बताते चलें कि डायल 112 टीम के द्वारा लगातार दुर्घटना में घायल हुए लोगों को अस्पताल पहुंचा कर जान बचाया जा रहा है। जिसको लेकर डायल 112 टीम को बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज के द्वारा रीवार्ड दिया गया है।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज





**अमित कुमार पाठक, ब्यूरो चीफ (चतरा )**
**चतरा ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रमेश घोलप ने विकास भवन स्थित जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में सुरक्षित इंटरनेट दिवस से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया । कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त ने को। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त एवं जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यशाला का उद्घाटन किया।

इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि इंटरनेट ने हमारी लाइफस्टाइल आसान बना दी है। परंतु हमें सावधान और सतर्क रहकर इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। शॉर्टकट से पैसे कमाने और विभिन्न तरह की लालच में पड़कर लोगों की गाढ़ी कमाई मिनटों में चली जाती है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी नए नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं। जिसमें डिजिटल अरेस्ट, अधिक रिटर्न का लालच देकर निवेश करना, विभिन्न तरह के ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म इत्यादि शामिल है।

उपायुक्त ने आगे कहा कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षित तरीके से पैसे का ट्रांजैक्शन करें, सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग, सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल करने से बचें, बिना जाने समझें अनजान लोगों के साथ रकम की लेनदेन नहीं करें, अनजान नंबर से आने वाले व्हाट्सएप कॉल एवं व्हाट्सएप वीडियो कॉल तथा इंटरनेशनल कॉल को रिसीव करने से बचें, स्वयं जागरूक बने एवं अपने परिवार को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लोगों की अज्ञानता का फायदा उठाकर साइबर फ्रॉड करते हैं। साइबर फ्रॉड होने से 1930 नंबर पर कॉल करके तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शीघ्र शिकायत दर्ज कराएं और ट्रांजेक्शन ब्लॉक कराएं। इसमें देरी करने से गोल्डन आवर खत्म हो जाता है।

कार्यशाला के दौरान अनजान लोगों के साथ ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड या बैंक की अन्य जानकारी साझा नहीं करने, अनजान नंबरों से आने वाली लिंक पर क्लिक नहीं करने, अनजान लोगों से पेमेंट पाने के लिए कयू.आर. कोड स्कैन नहीं करने व ओटीपी या पिन साझा नहीं करने, बैंक ट्रांजैक्शन करते समय सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करने सहित आर्टिफ़ीशियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया, साइबर थ्रेटस, ऑनलाइन फ्रॉड, डीप फेक, व्हाट्सएप्प सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य मुद्दे पर चर्चा की गई। कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी दौलत प्रसाद वर्मा, नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला योजन पदाधिकारी शिशिर पंडित, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार,जिला–ई–प्रबंधक रितेश कुमार, जिला परियोजना पदाधिकारी–वक्क्र धर्मेन्द्र कुमार, मनोज कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।


लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजिटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।